# दैनिक मरुधर विशेष

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

Tital Code:RAJHIN27921

Marudharvishesh@gmail.com

वर्ष: 01 | अंक: 60 | जयपुर | 7 अक्टूबर 2022 | शुक्रवार | मूल्य: रु. 2 | पृष्ठ: 06


# विश्व की सबसे ऊंची 369 फीट की शिव प्रतिमा नाथद्वारा में






## शिव प्रतिमा विश्वास स्वरूपम का लोकार्पण महोत्सव 29 अक्टूबर से

## भक्ति और भाव का होगा समागम, मुरारी बापू की रामकथा श्रवण से धन्य होंगे भक्त

## श्रीनाथजी की नगरी नाथद्वारा में 29 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक होगा आयोजन



नाथद्वारा । राजस्थान का कण कण अपने शौर्य, बलिदान, भक्ति के साथ ही आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के कारण देश विदेश के लोगों को बरबस ही आकर्षित करता है। कुछ ऐसा ही एक ओर नया अध्याय विश्व पटल पर अपना इतिहास लिखने जा रहा है। राजस्थान के राजसमंद जिले के नाथद्वारा में श्रीनाथ जी की पावन धरा पर 369 फीट की विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा ?विश्वास स्वरूपम? का लोकार्पण महोत्सव 29 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। संत कृपा सनातन संस्थान के ट्रस्टी मदन पालीवाल ने बताया कि महादेव के इस महा महोत्सव में 9 दिन तक धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहेगी, मुरारी बापू की 9 दिवसीय रामकथा इस महोत्सव को चार चांद लगाएगी ओर इसके साक्षी बनेंगे देश दुनियां से आये लाखों श्रोता। मुरारी बापू की रामकथा, इस लोकार्पण महोत्सव में सोने पर सुहागा की तरह होगी। मदन पालीवाल ने वर्षो पूर्व श्रीजी की नगरी में भगवान शिव की अल्लड़ मुद्रा में विश्व की सबसे बड़ी शिव मूर्ति बनवाने का ड्रीम प्रोजेक्ट तैयार किया था यह अब तैयार हो कर अपनी पूर्णता ले चुका है । श्रीजी की नगरी में स्थापित भगवान शिव की यह अद्भुत प्रतिमा लोगों के आकर्षण के साथ ही देश और राजस्थान के पर्यटन में एक नया आयाम स्थापित करेगी। नाथद्वारा की गणेश टेकरी पर बनी 369 फीट की ऊँची यह प्रतिमा ड्रीम प्रोजेक्ट का हिस्सा रही है। 51 बीघा की पहाडी पर बनी इस प्रतिमा में भगवान शिव ध्यान एवं अल्लड़ की मुद्रा में विराजित है जो 20 किलोमीटर दूर से ही नजर आने लग जाते है। रात्रि में भी यह प्रतिमा स्पष्ट रूप से दिखाई दे, इसके लिए विशेष लाइट्स से इसकी विधुत सज्जा की गई है । 29 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक नाथद्वारा में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में मुरारी बापू के प्रवचनों के साथ ही आस्था, संस्कृति, संगीत और कला का महासंगम होगा ।

### डेढ़ लाख स्क्वायर फिट का पांडाल

संत कृपा सनातन संस्थान की ओर से आयोजित इस महोत्सव का नजारा महाकुंभ से कम नहीं होगा। श्रीनाथ जी की पावन धरा पर श्रद्धालुओं का एक जन ज्वार सा आएगा, ऐसे में तैयारियां जोरों पर चल रही है। आयोजन के लिए करीब डेढ़ लाख स्क्वायर फिट का पांडाल लग रहा है और करीब 2 लाख स्क्वायर फिट में भोजनशाला का पांडाल लगाया गया है। जर्मन तकनीक से यह पांडाल बनाये जा रहे है। जिसमें श्रोता कथा श्रवण ओर भोजन प्रसाद ला आनंद उठाएंगे

### रोशनी से दमकेगा शहर

पूरा नगर रोशनी से नहाने के लिए तैयार हो रहा है। दीपावली महोत्सव से ही विद्युत सज्जा और नगर का निखरा हुआ नजारा दिखने लगेगा। इस भव्य आयोजन को लेकर आम नागरिकों में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है और प्रतिदीन करीब 50 से 60 हजार श्रद्धालु मुरारी बापू को सुनने के लिये एकत्रित होंगे। बापू के व्यासपीठ का नजारा भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

### प्रतिदिन एक लाख लोगों का भोजन प्रसादी

भोजनशाला की तैयारियों को देखते हुए समझा जा सकता है कि प्रतिदिन यहाँ लाख लोग भोजन प्रसाद लेंगे, सर्विस काउण्टर तक सामग्री पहुंचाने के लिये यहाँ ओवरहेड कनवेयर तकनीक का सहारा लिया जा रहा हैं जो कि अपने आप में अद्भूत हैं। आयोजन का हिस्सा बनने वाले लोगों द्वारा होटल आदि की एडवांस बुकिंग करवाई जा रही है।

### विश्व की सबसे

### ऊंची मूर्ति की अलग पहचान

विश्व की सबसे ऊंची शिव मूर्ति की अपनी एक अलग ही विशेषता है, 369 फीट ऊंची यह प्रतिमा विश्व की अकेली प्रतिमा होगी जिसमें लिफ्ट, सीढ़ियां, श्रद्धालुओं के लिए हॉल बनाया गया है। प्रतिमा के अंदर सबसे ऊपरी हिस्से में जाने के लिए 4 लिफ्ट और तीन सीढ़ियां बनी हैं। प्रतिमा के निर्माण में 10 वर्षों का समय और 3000 टन स्टील और लोहा, 2.5 लाख क्यूबिक टन कंक्रीट और रेत का इस्तेमाल हुआ है

प्रतिमा का निर्माण 250 वर्षों की स्थिरता को ध्यानगत रखते हए किया गया है। 250 किमी रफ्तार से चलने वाली हवाएं भी मूर्ति को प्रभावित नहीं करेगी। इस प्रतिमा की डिजाइन का विंड टनल टेस्ट (ऊंचाई पर हवा) आस्ट्रेलिया में हुआ है। बरसात और धूप से बचाने के लिए इस पर जिंक की कोटिंग कर कॉपर कलर किया गया, प्रतिमा को तत पदम संस्थान ने बनवाया है।

### खेल और मनोरंजन के लिए बंजी जम्पिंग

प्रतिमा स्थल पर पर्यटकों की सुविधाओं ओर मनोरंजन के लिये बंजी जम्पिंग का निर्माण किया गया है यह ऋषिकेश के बाद दूसरी सबसे बड़ी बंजी जम्पिंग होगी जिसका लुफ्त उठाने के लिए देश विदेश के पर्यटक यहां आएंगे। साथ ही फुटकोर्ट, गेम जोन, जिप लाइन, गो कार्टिंग, एडवेंचर पार्क, जंगल कैफे का निर्माण भी किया गया है। जहाँ पर्यटक दिन भर यहां इसका लुफ़्त उठा सकेंगे।

### शिव स्तुति की महिमा दिखेंगी प्रतिमा पर

शिव प्रतिमा पर विशेष रूप से लाइट एन्ड साउंड के थ्री डी प्रयोग के द्वारा शिव स्तुति का प्रसारण होगा। पर्यटकों के लिए यह बहुत की आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें बरकों कम्पनी के प्रोजेक्टर का प्रयोग किया गया है।

### सुरक्षा के मानक इतजाम

विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा के सुरक्षा मानकों का पूर्ण ध्यान रखा गया है। फायर सेफ़्टी की पूर्ण व्यवस्था की गई है प्रतिमा के अंदर पानी के टैंक बनाये गए है साथ ही अग्नि शमन के साधनों की भरपूर उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। पर्यटकों के लिए गोल्फ कार्ट की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। साथ ही पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों से परिसर सुरक्षित रहेगा।


### उदयपुर जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर

देश विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए उदयपुर से महाराणा प्रताप अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 40 किमी ओर उदयपुर शहर से 45 किमी दूर श्रीनाथ जी की नगरी नाथद्वारा में यह प्रतिमा स्थापित है। राजसमन्द जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर यह प्रतिमा स्थित है। शिव प्रतिमा विश्वास स्वरूपं के लोकार्पण की प्रेसवार्ता के दौरान प्रकाश पुरोहित, लक्ष्मण दीवान, मयंक पाठक, बलराम सिंह, नटवर भाई शाह, भास्कर जोशी, विनोद कुमावत सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# थाईलैंड में पुलिस अफसर ने अंधाधुंध फायरिंग की, 24 बच्चों समेत 36 की मौत

बैंकॉक. थाईलैंड में गुरुवार को एक पूर्व पुलिस अफसर ने चाइल्ड केयर सेंटर में अंधाधुंध फायरिंग की। घटना में 24 बच्चों समेत 36 मौतें हुई। हमलावर ने अपने परिवार को भी खत्म कर दिया, फिर खुदकुशी कर ली। इस वारदात में ड्रग्स का एंगल है। पूरी घटना जानें इससे पहले इस सवाल का जवाब दीजिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फायरिंग उत्तरी प्रांत के नॉन्गबुआ लम्फू में हुई। हमलावर पूर्व पुलिस अफसर पन्या खमरब (34) था। ड्रग्स के एक केस के सिलसिले में उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। चाइल्ड केयर सेंटर में फायरिंग के बाद खमरब ने खुदकुशी कर ली। इससे पहले उसने अपनी पत्नी और बेटे को भी मार डाला। थाइलैंड के सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के अफसर मेजर जनरल जिरापोब पुरिडेट के मुताबिक, हमलावर खमरब हाईली एजुकेडेट और फिट था। पुलिस में अफसर बना, लेकिन चंद महीने में ही ड्रग स्मगलिंग से जुड़ गया। इंटर ऑफिस ड्रग टेस्ट में फेल होने के बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद वो फुल टाइम ड्रग स्मगलर बन गया। एक बार उसे गिरफ्तार भी किया गया था। वो केस अब भी कोर्ट में चल रहा है। माना जा रहा है कि नौकरी से निकाले जाने की वजह से ही खमरब ने फायरिंग की। जिस वक्त फायरिंग शुरू हुई, तब लोकल अधिकारी जिडापा बूनसोम पास ही काम कर रहे थे। बोले ऐसा लगा जैसे पटाखे चल रहे हों। बाद में शूटिंग का पता चला। हमलावर ने बच्चों पर गोलियां चलाईं। शूटिंग में दो साल का बच्चा और गर्भवती भी मारे गए। हमलावर दोपहर के वक्त चाइल्ड केयर सेंटर में दाखिल हुआ। तब वहां लंच चल रहा था। उसने स्टाफ पर गोलियां दागीं। इसके बाद वह एक बंद कमरे में जबरदस्ती घुसा, यहां बच्चे सो रहे थे। फायरिंग की घटना के बाद वुद्धचाई बाओथॉन्ग नाम के यूजर ने एक फोटो अपने फेसबुक पेज पर शेयर की। इसमें एक छोटा बच्चा और कुछ लोग आसपास बैठे दिखाई दे रहे हैं। इनके चेहरे ब्लर हैं। बाओथॉन्ग ने लिखा कि उनका भतीजा भी चाइल्ड केयर सेंटर में था, लेकिन वो फायरिंग में बच गया। घटना से पहले ही वह सोने चला गया था और कंबल ओढ़ लिया था। वह गहरी नींद में था। इसकी वजह से उसकी आंख नहीं खुली। हमलावर ने समझा कि वो मर गया है। इस तरह उनका भतीजा बच गया।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर 28 करोड़ की 7 घड़ियां जब्त




नई दिल्ली. दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गुरुवार को कस्टम विभाग ने एक तस्कर के पास से 7 कीमती घड़ियां बरामद की हैं। इनकी कीमत करीब 28 करोड़ है। इनमें से एक घड़ी डायमंड से बनी है, जिसकी कीमत 27 करोड़ है। यह घड़ी जैकब एंड कंपनी की है। इसके अलावा एक रॉलेक्स की घड़ी, ब्रेसलेट और आईफोन 14 प्रो भी जब्त किया गया है। आईजीआई एयरपोर्ट के कस्टम कमिश्नर जुबैर रियाज कामिली ने बताया कि यात्री घड़ी की डिलीवरी करने दुबई से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। उसके पास से सामान से संबंधित किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले। इसलिए उसे अरेस्ट कर लिया गया है। जुबैर रियाज ने बताया कि आरोपी का दुबई में महंगे घड़ियों का शोरूम है। यूएई के कई शहरों में शोरूम के ब्रांच भी हैं। कमिश्नर के मुताबिक आरोपी दिल्ली में एक हाई-प्रोफाइल क्लाइंट को डिलीवरी देने आया था। क्लाइंट गुजरात का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि क्लाइंट ने दिल्ली के एक फाइव स्टार होटल में उसे मिलने के बुलाया था, लेकिन वह नहीं पहुंचा। आरोपी को जान का खतरा है, इसलिए उसने क्लाइंट की बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। कमिश्नर के मुताबिक यह तस्करी करीब 60 किलोग्राम सोने की स्मगलिंग के बराबर है।

## 11 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार, अंबानी-अडानी जैसे मशहूर उद्योगपति राजस्थान में करेंगे इन्वेस्ट

# इन्वेस्ट समिट में 10 लाख करोड़ से ज्यादा के प्रपोजल सबमिट

जयपुर. देश के बड़े-बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट राजस्थान में इन्वेस्ट करने जा रहे हैं। इनमें अंबानी-अडानी, लक्ष्मीनिवास मित्तल, बिरला, बजाज जैसे मशहूर उद्योगपति भी शामिल हैं। इससे 11 लाख लोगों के लिए रोजगार का रास्ता खुलेगा। 10 लाख करोड़ रुपए का तो प्रपोजल सबमिट हो चुका है। इन्वेस्ट राजस्थान समिट के माध्यम से इंडस्ट्रियलिस्ट को राजस्थान आने का न्योता दिया गया है। शुक्रवार को इन्वेस्ट समिट की शुरूआत होने जा रही है। 7 और 8 अक्टूबर को जयपुर के जेईसीसी सीतापुरा में यह कार्यक्रम चलेगा। समिट से पहले इन्वेस्टर आउटरीच प्रोग्राम के तहत 10.44 लाख करोड़ के इन्वेस्टमेंट प्रपोजल साइन हो चुके हैं। राजस्थान में अडानी और अंबानी एनर्जी सेक्टर में इन्वेस्टमेंट करेंगे। इसमें अंबानी-अडानी समेत आर्सेलर मित्तल, बिरला, बजाज, अनिल अग्रवाल समेत देश के मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हिस्सा लेंगे। समिट में 3000 से ज्यादा इंडस्ट्रियलिस्ट, बिजनेसमैन हिस्सा लेंगे। ऑफलाइन और ऑनलाइन समिट में हिस्सा लेने वालों की संख्या 9 हजार तक रहेगी। 40 प्रतिशत इन्वेस्टमेंट प्रपोजल धरातल पर आ चुके हैं, जो प्रोसेस में हैं। सीएम गहलोत समिट के दौरान कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, राजस्थान में इन्वेस्टमेंट प्रपोजल से 2 लाख 10 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है। इसके अलावा इन्वेस्ट राजस्थान के सभी प्रपोजल धरातल पर आने पर 9 लाख 50 हजार से ज्यादा रोजगार क्रिएट होंगे। सीएम गहलोत ने तीन दिन पहले प्रदेश में 1.42 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के इन्वेस्टमेंट के प्रमोशन के लिए 32 प्रोजेक्ट्स को कस्टमाइज्ड पैकेज की मंजूरी दी है। कल यानी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इन्वेस्ट राजस्थान समिट का उद्घाटन करेंगे। उद्योग




मंत्री शकुंतला रावत भी इस दौरान मौजूद रहेंगी। जाने-माने उद्योगपति करेंगे चर्चा पहले दिन 7 अक्टूबर को अडानी ग्रुप के फाउंडर व चेयरमैन गौतम अडानी समिट में हिस्सा लेंगे। सुबह 11.15 से 12 बजे जेईसीसी के रणथम्भौर हॉल में प्रमुख उद्योगपतियों के सत्र में वह अपनी बात रखेंगे। इस दौरान आर्सेलर मित्तल ग्रुप के चेयरमैन और प्रवासी राजस्थानी स्टील किंग लक्ष्मीनिवास मित्तल, वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, बजाज फिनसर्व के एमडी संजीव बजाज, नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन सीके बिरला, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के चेयरमैन अजय एस श्रीराम, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के एमडी एंड सीईओ डॉ. अनीष शाह, दी टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के सीईओ डॉ. प्रवीर सिन्हा, सेंट गोबेन इंडिया के चेयरमैन बी संथानम, वॉल्वो ग्रुप के कमल बाली, आईटीसी के संजीव पुरी को भी सुनने का मौका मिलेगा।

सीएम अशोक गहलोत दोपहर 12 से 12.15 बजे इन्वेस्ट राजस्थान एमओयू और इंडस्ट्रियल यूनिट, नए इंडस्ट्रियल एरिया का उद्घाटन और राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम-2022 (रिप्स-2022) की लॉन्चिंग करेंगे। दोपहर 12.15 से 12.30 बजे तक राजस्थान रत्न सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसमें जस्टिस दलवीर भंडारी, जस्टिस आरएम लोढ़ा, एलएन मित्तल, शीन काफ निजाम, अनिल अग्रवाल और केसी मालू को अवॉर्ड दिया जाएगा। दोपहर 12.30 से 12.50 बजे तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का उद्घाटन सम्बोधन रखा गया है। राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव ने बताया- 12 देशों से प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव में व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लेंगे, जबकि 39 देशों से प्रवासी राजस्थानी ऑनलाइन जुड़ेंगे। अनिल अग्रवाल, सीके बिड़ला, एलएन मित्तल, एचएम बांगड़, संजीव गोयनका, सलिल सिंघल, अशोक कजारिया समेत करीब 500 से ज्यादा प्रवासी राजस्थानी इसमें शामिल होंगे। सीएम ने तीन दिन पहले बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की बैठक में प्रपोजल अप्रूव्ड किए हैं। इनमें रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर में एज्योर पावर प्राइवेट लिमिटेड, रिन्यू पावर प्राइवेट लिमिटेड, प्लास्टिक एंड ग्लास मैन्युफेक्चरिंग में असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड, इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर में हीरो इलेक्ट्रिक, ओकाया ईवी प्राइवेट लिमिटेड, टेक्सटाइल्स, माइंस एंड मिनरल्स, फूड एंड बेवरेजेज, हॉस्पिटैलिटी, सीमेंट, ऑटो एंड ऑटो कम्पोनेंट, एग्रीकल्चर, एग्रो प्रोसेसिंग आदि के प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

## सम्पादकीय

# सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने वाला है संघ प्रमुख मोहन भागवत का भाषण

संघ को इस बात के लिए बार-बार निशाना बनाया जाता रहा है कि वह महिलाओं की भूमिका को नजरंदाज करता है और उन्हें उचित सम्मान नहीं देता, लेकिन इस बार संघ के विजयदशमी कार्यक्रम में माउंट एवरेस्ट विजेता पर्वतारोही श्रीमती संतोष यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं।

विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के वार्षिक विजय-उद्बोधन का न केवल राष्ट्रीय बल्कि सामाजिक एवं राजनीतिक महत्व है। सर संघचालक ने अपने विजय-उद्बोधन में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों का उल्लेख करते हुए संघ सोच को एक बार फिर से स्पष्ट किया है। उन्होंने देश में साम्प्रदायिक सद्भाव पर अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। उन्होंने देश के समग्र एवं त्वरित विकास के लिये जनसंख्या नियंत्रण की नीति पर जोर दिया है। यह विजय-उद्बोधन देकर उन्होंने जहां देश की जनता को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी। सरकार को कुछ जरूरी कार्यों का दिशा-निर्देश भी दिया गया। संघ की नजरों में धर्मांतरण और घुसपैठ से जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और देश का विकास बाधित हुआ है, भागवत इन समस्याओं से निपटने और उनके खिलाफ जनमत का निर्माण करने के लिए संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। भागवत का विजय-उद्बोधन एक छोटी-सी किरण है, जो सूर्य का प्रकाश भी दे रही है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, भागवत जो हो रहा है और जो होना है उसकी स्पष्ट दृष्टि से तटस्थ विश्लेषण करते हुए सरकार की रक्षा और आर्थिक नीतियों से काफी संतुष्ट दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया का भरोसा बढ़ा है। भारत की ताकत बढ़ी है। दुनिया में भारत की आवाज सुनी जा रही है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और साख बढ़ी है और आत्मनिर्भर भारत की आहट सुनाई दे रही है। उन्होंने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों पर निर्भरता की बजाए घरों और समाज के वातावरण को स्वस्थ बनाने का संदेश दिया। निश्चित ही विजय-उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो भारत को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। अनेक विशेषताओं वाले इस वर्ष के विजय-उद्बोधन में संघ प्रमुख ने देश के मुस्लिम समुदाय को अराजकता फैलाने वाले तत्वों से सतर्क रहने की नसीहत भी दी। संघ और मुस्लिम समाज में संवाद की आज सकारात्मक कोशिशें हो रही हैं। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत-सी कोशिशें हो रही हैं। संघ को इस बात के लिए बार-बार निशाना बनाया जाता रहा है कि वह मुस्लिम समाज को नजरंदाज करता है। लेकिन ऐसा नहीं है। देश में कई जगह हुई जघन्य घटनाओं का जिक्र करते हुए भागवत ने मुस्लिम समुदाय से यह आग्रह किया कि वे अन्याय, असत्य, अत्याचार के खिलाफ खड़े हों।

# भागवत के विजय-उद्बोधन में नये भारत के सुखद संकेत




विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत के वार्षिक विजय-उद्बोधन का न केवल राष्ट्रीय बल्कि सामाजिक एवं राजनीतिक महत्व है। सर संघचालक ने अपने विजय-उद्बोधन में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों का उल्लेख करते हुए संघ सोच को एक बार फिर से स्पष्ट किया है। उन्होंने देश में साम्प्रदायिक सद्भाव पर अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। उन्होंने देश के समग्र एवं त्वरित विकास के लिये जनसंख्या नियंत्रण की नीति पर जोर दिया है। यह विजय-उद्बोधन देकर उन्होंने जहां देश की जनता को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी। सरकार को कुछ जरूरी कार्यों का दिशा-निर्देश भी दिया गया। संघ की नजरों में धर्मांतरण और घुसपैठ से जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और देश का विकास बाधित हुआ है, भागवत इन समस्याओं से निपटने और उनके खिलाफ जनमत का निर्माण करने के लिए संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है।

भागवत का विजय-उद्बोधन एक छोटी-सी किरण है, जो सूर्य का प्रकाश भी दे रही है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, भागवत जो हो रहा है और जो होना है उसकी स्पष्ट दृष्टि से तटस्थ विश्लेषण करते हुए सरकार की रक्षा, आर्थिक नीतियों से काफी संतुष्ट दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया का भरोसा बढ़ा है। भारत की ताकत बढ़ी है। दुनिया में भारत की आवाज सुनी जा रही है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और साख बढ़ी है और आत्मनिर्भर भारत की आहट सुनाई दे रही है। उन्होंने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए स्कूलों, कालेजों पर निर्भरता की बजाए घरों और समाज के वातावरण को स्वस्थ बनाने का संदेश दिया। निश्चित ही विजय-उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो भारत को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है।

अनेक विशेषताओं वाले इस वर्ष के विजय-उद्बोधन में संघ प्रमुख ने देश के मुस्लिम समुदाय को अराजकता फैलाने वाले तत्वों से सतर्क रहने की नसीहत भी दी। संघ और मुस्लिम समाज में संवाद की आज सकारात्मक कोशिशें हो रही हैं। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं। संघ को इस बात के लिए बार-बार निशाना बनाया जाता रहा है कि वह मुस्लिम समाज को नजरंदाज करता है। लेकिन ऐसा नहीं है। देश में कई जगह हुई जघन्य घटनाओं का जिक्र करते हुए भागवत ने मुस्लिम समुदाय से यह आग्रह किया कि वे अन्याय, असत्य, अत्याचार के खिलाफ खड़े हों। हम सबको मिलकर संविधान का पालन करना चाहिए और ऐसी क्रूरतम घटनाओं का विरोध मुखरता से किया जाना चाहिए। इसके लिये जरूरी है कि संघ को संकीर्ण नजरिये से देखने की बजाय व्यापक देशहित में देखा जाना चाहिए। जरूरी यह भी है कि जब भी कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन ह्यपॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडियाह्न जैसे अराष्ट्रीय संगठनों के.खिलाफ कोई कदम उठाया जायें तो उसे सकारात्मक लेने की जरूरी है। जब मोहन भागवत किसी मस्जिद में जा सकते हैं और उन्हें इमामों के एक संगठन के प्रमुख द्वारा ह्यराष्ट्रपिताह्न संबोधन दिया जाये तो संघ को मुस्लिम विरोधी कैसे कहा जा सकता है?

संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा से अनेक मुस्लिम संगठन एवं लोग सहमत है। संघ की राष्ट्रभक्ति पर तनिक भी संदेह नहीं किया जा सकता। प्राकृतिक आपदाएं हों या युद्ध काल संघ का एक-एक स्वयंसेवक राष्ट्र के लिए हमेशा तैयार रहा। इसी शिक्षा, सेवा, जन-कल्याणा के लिये भी संघ गतिशील है। यही कारण है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर पंडित जवाहर लाल नेहरू को संघ की सराहना करनी पड़ी थी। संघ को बेवजह बदनाम करने की साजिशें होती रही हैं। संघ पर पूर्व की सरकारों ने कई बार प्रतिबंध लगाए लेकिन यह प्रतिबंध ज्यादा दिन ठहर नहीं पाए। संघ प्रमुख ने आज के संबोधन में भी संघ को बदनाम करने की कुचेष्टाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ तो विश्व में सब जगह और सबके साथ भाईचारा और शांति का पक्षधर है।

संघ को इस बात के लिए बार-बार निशाना बनाया जाता रहा है कि वह महिलाओं की भूमिका को नजरंदाज करता है और उन्हें उचित सम्मान नहीं देता, लेकिन इस बार संघ के विजयदशमी कार्यक्रम में माउंट एवरेस्ट विजेता पर्वतारोही श्रीमती संतोष यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्हें मुख्य अतिथि बनाकर संघ ने आलोचकों को जवाब दे दिया है। संघ प्रमुख ने कहा कि संघ के कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी डा. हेडगेवार के वक्त से ही हो रही है। अनुसूईया काले से लेकर इंडियन वीमन्स कॉन्फ्रेंस की मुखिया राजकुमारी अमृत कौर, कुमुदताई रांगेनकर आदि कई महिलाओं ने संघ के कार्यक्रमों में भागीदारी की है। उल्लेखनीय है कि संघ की महिला विंग महिलाओं के सशक्तिकरण, उनकी शिक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। भले ही संघ की शाखाओं में महिलाओं को शामिल नहीं किया जाता है, लेकिन महिलाओं से संघ को परहेज भी नही है। निश्चित ही इन स्थितियों एवं संदेशों से भारतीय जन-मानस में संघ की राष्ट्रीयता सम्भलती रही, सजती रही और कसौटी पर आती रही तथा बचती रही। एक बार फिर भागवत ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश दिया है और इस सन्देश को जिस तरह आकार दिया जाना है, उसका दिशा-निर्देश भी दिया गया है।

संघ प्रमुख भागवत एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ प्रमुख हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये मोहन भागवत ने अपने भाषण में समान जनसंख्याा नीति बनाने पर जोर दिया है। संघ प्रमुख के भाषण को इस मसले पर बारीकी से समझने की जरूरत है। भले ही केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जनसंख्या नियंत्रण पर कानून लाने को लेकर अपनी अनिश्चितता जताई हो लेकिन संघ प्रमुख इस दिशा में तुरन्त कदम उठाने के पक्षधर दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि जनसंख्या कम होने से देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ती जाएगी जबकि जनसंख्या को एक सम्पत्ति माना जाता है। दूसरी तरफ जनसंख्या को संसाधनों की आवश्यकता होती है। यदि जनसंख्या बिना संसाधनों का निर्माण किए बढ़ती है तो यह एक बोझ बन जाती है। कहते हैं कि जनसंख्या में असमानता भौगोलिक सीमाओं में बदलाव लाती है। यही देश विकास का बाधक तत्व है, इसी से गरीबी कायम है। लेकिन बावजूद इसके ऐसे ज्वलंत विषयों पर भी राजनीति की जाती है, संकीर्णता दशार्यी जाती है। हर बार की तरह इस बार भी मोहन भागवत के उद्बोधन पर अनेक शंकाएं, जिज्ञासाएं और कल्पनाएं अपना रंग दिखा रही हैं। किसी भी नई प्रवृत्ति या नई दिशा को लेकर ऐसा होना अस्वाभाविक नहीं है। कुछ लोगों की दृष्टि में संघ का कोई उपयोग नहीं है तो कुछ लोगों को उसमें अनेक नई संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। कुछ लोग उसे असफल बनाने का सपना देख रहे हैं और कुछ व्यक्ति उसकी सफलता के लिए पूरे मन से जुटे हुए हैं। इन स्थितियों के बीच संघ प्रमुख ने सामाजिक समता की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि मंदिर, पानी, श्मशान सबके लिए एक हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करनी ही होगी। सबको एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। किसी भी समाज में बिखराव की स्थिति होती है तो उसकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो सकता। उपयोग के लिए क्षमताओं को केन्द्रित करना जरूरी है। समाज का हर व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति है। इस शक्ति को काम में लेने से पहले उसे एकात्ममुख करना जरूरी है। भागवत के आह्वान का हार्द व्यवस्था को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र को नयी शक्ल देने का है। वास्तव में यदि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने सपने को साकार करना चाहते हैं तो हमें अपनी सोच और अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। जब संघ-प्रमुख देश को बदलने और आगे ले जाने के लिए संकल्प व्यक्त कर रहे हैं तो फिर देश की जनता का भी यह दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से के संकल्प ले।

## भावनाओं का ज्वार या 'आदिपुरुष' का प्रचार



मुगले आजम बनी और खूब चली। सुना है अकबर के रोल को लेकर इतिहासविदों और रायचंदों में बहुत ठनी थी। सबके अपने-अपने तर्क थे। रायचंदों का मानना था कि अकबर की हाईट ज्यादा नहीं थी.....यही कोई चार या साढ़े चार फिट रही होगी...तो रायचंदों का कहना था कि इस रोल के लिए पृथ्वीराज कपूर फिट नहीं हैं। वे लंबे-चौड़े हैं....अकबर के रूप में लोग उन्हें पसंद नहीं करेंगे....फिल्म पिट जाएगी। लेकिन निमार्ता मंडली ने सुझाव को दरकिनार कर पृथ्वीराज कपूर को ही इस किरदार के लिए चुना। मुगले आजम बनी और खूब चली....सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। आज भी अकबर की बात चलती है तो पृथ्वीराज कपूर का चेहरा सामने आ जाता है...गोया वे ही अकबर हों। तो कहने का तात्पर्य यह है कि हम जिस रुप को एक बार स्वीकार कर लेते हैं उसमें फेरबदल मंजूर नहीं करते। खासकर ऐसे किरदारो में तो बिल्कुल नहीं जो हमारी सनातन संस्कृति से जुड़े हैं। दुनियाभर में हर साल रामलीला होती है...राम-रावण..सीता...हनुमान आदि को लेकर कभी कोई विवाद नहीं होता। रामानंद सागर की रामायण ने तो घर-घर जगह बनाई। आज भी उस रामायण के पात्रों को राम-रावण या सीता कहकर बुलाया जाता है। अब बात करें 'आदिपुरुष' की....फिल्म का टीजर आने के बाद से ही विवाद हो गया है। रावण की तुलना खिलजी से की जा रही है तो हनुमान का भी मुगलीकरण करने के आरोप उछल रहे हैं। विवाद पर ट्रोलर्स आगबबूला हैं तो राजनेता भी पीछे नहीं हैं। मध्यप्रदेश के एक मंत्री नरोत्तम मिश्रा तो इस पर खुलकर बोल रहे हैं। इस बीच कई रायचंद 'आदिपुरुष' को महज एक खेल बता इसे खेल ही रहने देने की बात कर रहे हैं। ये कहते हैं कि यह सब फिल्म की क्रिएटिविटी का हिस्सा है। बता दें कि रावण के विमान को भी चमगादड़ की शक्ल में डिजाइन किया गया है। रायचंदों का मानना है कि जब सेंसर बोर्ड को एतराज नहीं तो बिना वजह क्यों तूल दिया जा रहा है। तर्कज्ञानियों के अपने तर्क हैं....अपने दावे हैं। इस बीच टीवी डिबेट में एक डिबेटी ने इसे दल विशेष की साजिश बताते हुए कहा है कि 'आदिपुरुष' पर बखेड़ा इसलिए खड़ा किया जा रहा है ताकि यशवंत शिंदे के दावे से ध्यान हटाया जा सके। बता दें कि खुद को आरएसएस का प्रचारक बताने वाले यशवंत शिंदे ने पिछले दिनों दावा किया था कि 2006 के पटबंधरे नगर बम विस्फोट आरएसएस ने करवाए थे। यशवंत शिंदे ने नांदेड़ की अदालत में एक आवेदन दायर किया है और कहा है कि वह इस मामले में गवाह बनने के लिए तैयार है, क्योंकि उनके पास धमाके से जुड़ी हुई सारी जानकारी है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार सात पन्नों के हलफनामे में शिंदे ने आरएसएस और विहिप के कई कार्यकताओं के नाम बताए हैं और बम विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने के कई स्तरों पर उनकी संलिप्तता का दावा किया है। मुमकिन है डिबेटी सही हो लेकिन यह भी सत्य है कि हम जिस रूप में राम-हनुमान और रावण को देखते आ रहे हैं उसमें क्रिएटीविटी कतई मंजूर नहीं करेंगे। टीजर को देखने से पता चलता है कि हनुमान का लुक ऐसा बनाया गया है....मानो कोई मौलाना यह भूमिका निभा रहा हो। रावण की दाढ़ी.....मौलाना होने का भरम पैदा करती है। बेशक, मंशा नहीं रही हो किंतु यह तय है कि रावण-हनुमान इस रुप में पसंद नहीं किए जाएंगे। सोलहवी सदी के अकबर का तो फिर भी भान था....बावजूद इसके जो पहला रुप सामने आया वही भाता है...ऐसे में हजारों साल से राम-रावण और हनुमान के लुक में कैसे समझौता किया जा सकता है। तो 'आदिपुरुष' विवादों में आ गया है। राम की भूमिका निभा रहे प्रभास विवाद को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन मामला ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा। वैसे रायचंद इसे प्रचार स्टंट भी बता रहे हैं। अब बात 'राम अबराम' की....भोजपुरी में बन रही इस फिल्म का पोस्टर भी चचाओं में है। फिल्म में भोजपुरी सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'राम अबराम' के पोस्टर में एक तरफ को कल्लू ने अपने माथे पर चंदन लगाया हुआ है, वहीं दूसरी ओर उनका मुस्लिम किरदार दिखाया गया है। 'राम अबराम' में भी कुछ नया दिखाने की कोशिश है लेकिन फिलहाल इस पर कोई विवाद नहीं है....दर्शको को इंतजार है, 'राम अबराम' की....। बहरहाल, देवी-देवताओं को लेकर विवाद कोई नया नहीं है। समय-समय पर हंगामा होता रहता है। पता नहीं देवताओं को यह रास आता है या नहीं...कोई साक्ष्य नहीं है....इसलिए कह सकते हैं यह इंसानी खोपड़ी की खुराफात है। संभव है यह प्रचार पाने का एक तरीका हो...संभव है भावनाएं आहत करने का शगल....जो भी है, फामूर्ला दमदार है....जब भी इस्तेमाल होता है....भरपूर माईलेज देकर जाता है। 'आदिपुरुष' कितना 'आदिपुरुष' रहता है....देखना अभी बाकी है!

# संघ का संदेश : समग्र जनसंख्या नीति की जरुरत



राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने एक बार फिर देश में जनसँख्या वृद्धि पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए लोगों की परेशानियों को दूर करने के लिए एक समग्र जनसँख्या नीति बनाने की पुरजोर वकालत की है। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने विजयदशमी के अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति कीमांग को फिर से दोहराया है। उन्होंने कहा बढ़ती आबादी से देश में कई तरह की परेशानियां हैं। मोहन भागवत ने कहा कि चीन को जब लगा कि जनसंख्या बोझ बन रही है तो उसने रोक लगा दी। हमारे समाज को भी जागरूक होना पड़ेगा। जनसंख्या जितनी अधिक उतना बोझ ज्यादा। धर्म आधारित जनसंख्या असंतुलन एक महत्वपूर्ण विषय है जिसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मोहन भागवत ने कहा कि जनसंख्या असंतुलन से भौगोलिक सीमाओं में परिवर्तन होता है। जन्म दर में अंतर के साथ-साथ बल, लालच और घुसपैठ ये सब धर्मांतरण के भी बड़े कारण हैं। आज देश और दुनिया की एक बड़ी आबादी भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास समेत बुनियादी सुविधाओं से वंचित है और इसकी एक प्रमुख वजह अनियंत्रित आबादी है। जनसंख्या वृद्धि भारत सहित दुनिया के कई देशों विशेषकर विकासशील देशों में गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है। लगातार बढ़ती जनसँख्या ने विकास के सारे मार्ग अवरुद्ध कर दिए है। कोई ठोस वैश्विक नीति नहीं होने का खामियाजा हर व्यक्ति को उठाना पड़ रहा है। ऐसे में समूचे विश्व का ध्यान भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर केंद्रित हो रहा है जो अपने कठोर फैसलों के लिए जाने जाते है। मोदी इस समय एक गलोबल लीडर के रूप में स्थापित हो चुके है। जनसँख्या विशेषज्ञों का मानना है यदि भारत में कानून के जरिये बढ़ती जनसँख्या पर लगाम लगाई जाती है तो दुनिया भारत का अनुसरण कर सकती है। भारत में मोदी सरकार के लिए जनसँख्या कानून बनाने का यह सही समय है। देश के विकास को पटरी पर लाने और खुशहाल भारत के सपने को साकार करने के लिए देश में जनसँख्या कानून को अमली जामा पहनने की आज महत्ती जरुरत है। एक या दो बच्चों के आदर्श परिवार को अपनाकर ही हम देश की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं का समाधान कर सकते है। इसके लिए लोगों को जागरूक और शिक्षित कर अपने भले बुरे का ज्ञान करना जरूरी है तभी हम अपने उद्देश्य में सफल हो सकते है। भारत विश्व का दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। आजादी के समय भारत की जनसंख्या 33 करोड़ थी जो आज चार गुना तक बढ़ गयी है। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक भारत की जनसंख्या 121 करोड़ है। जबकि जनसंख्या वृद्धि दर संबंधी आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट वल्डोर्मीटर के अनुसार 2022 में भारत की जनसंख्या लगभग 140 करोड़ हो चुकी है। परिवार नियोजन के कमजोर तरीकों, अशिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अभाव, अंधविश्वास और विकासात्मक असंतुलन के चलते आबादी तेजी से बढ़ी है। हमारी आबादी में अभी भी हर दिन पचास हजार की वृद्धि हो रही है। इतनी बड़ी जनसंख्या को भोजन मुहैया कराने के लिए यह आवश्यक है कि हमारा खाद्यान्न उत्पादन प्रतिवर्ष 54 लाख टन से बढे जबकि वह औसतन केवल 40 लाख टन प्रतिवर्ष की दर से ही बढ़ पाता है। जनसंख्या वृद्धि के दो मूल कारण अशिक्षा एवं गरीबी है। लगातार बढ़ती आबादी के चलते बड़े पैमाने पर बेरोजगारी तो पैदा हो ही रही है, कई तरह की अन्य आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। भारत के सामने अनेक समस्याएँ चुनौती बनकर खड़ी हैं। जनसंख्या-विस्फोट उनमें से सर्वाधिक है। एक अरब भारतियों के पास धरती, खनिज, साधन आज भी वही हैं जो 50 साल पहले थे परिणामस्वरूप लोगों के पास जमीन कम, आय कम और समस्याएँ अधिक बढ़ती जा रही हैं। जनसंख्या वृद्धि एक नयी चुनौती बनकर हमारे सामने आई हैं और आज भी इस पर काबू पाने में सरकार को कठिनाई हो रही है। जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम देश को भोगने पड़ रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या की दुश्वारियां सिर चढ़कर बोलने लगी है। भूखों की संख्यां निरंतर बढ़ रही है। विकास कार्य सिकुड़ रहे है। रोटी, कपडा और मकान की बुनियादी सुविधाओं की बात करना बेमानी हो गया है। विकास का स्थान विनाश ने ले लिया है। अधिक जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गयी है। लोगों के आवास के लिए कृषि योग्य भूमि और जंगलों को उजाड़ा जा रहा है। इससे बचने का एक मात्र उपाय यही है की हम येन केन प्रकारेण बढ़ती आबादी को रोके। अन्यथा विकास का स्थान विनाश को लेते अधिक देर नहीं लगेगी।

### वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के तहत सीडीएस की आवश्यकता

# नए सीडीएस की नियुक्ति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकांक्षाओं को बल मिलेगा

**लेफ्टिनेंट जनरल अभय कृष्ण**

लेफ्टिनेंट जनरल अभय कृष्ण के अनुसार भारत को वास्तव में मौजूदा आर्थिक स्थिति और वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के तहत सीडीएस की आवश्यकता है, जहां हम दो-मोर्चे के युद्ध परिदृश्यों के साथ भारत की मजबूरी के विचार से पूरी तरह से जुड़े हुए थे।

लेफ्टिनेंट जनरल अभय कृष्ण (सेवानिवृत्त )ने कहा कि हालाँकि, सरकार ने लगभग पिछले दस महीनों से चल रही, सभी तरह की अटकलों पर विराम लगा दिया, 28 सितंबर, 2022 को लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान को सीडीएस के रूप में नियुक्त किया। सैन्य विभाग की प्रासंगिकता के रूप में यह एक बड़ी राहत थी। यह नियुक्ति अब कुछ थिंक टैंकों के निशाने पर आ रहे थे। इसके बावजूद, यह पहला उदाहरण है जहां एक सेवानिवृत्त थ्री-स्टार जनरल को फोर स्टार जनरल का दर्जा दिया जाता है और सभी सेवारत प्रमुखों के बराबर एक पद सौंपा जाता है, सशस्त्र बलों की प्रचलित लोकाचार और मूल्य प्रणाली इसे लेगी।वर्तमान सीडीएस जनरल अनिल चौहान का मल्टी डोमेन और थिएटरों में अपार अनुभव के साथ एक उत्कृष्ट करियर रहा है। जम्मू और कश्मीर (जम्मू-कश्मीर) से लेकर उत्तर पूर्व (एनई) और सेना मुख्यालय तक, उन्होंने कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। पिछले एक वर्ष के दौरान, उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) के साथ सैन्य सलाहकार के रूप में काम कर रहे राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों



में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर मिला। वह एक बहुत पढ़ा-लिखा अधिकारी है जो अकादमिक विद्वान क्षमताओं से संपन्न है। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है जो साहसिक निर्णय लेना पसंद करते हैं। इसलिए राष्ट्र, दिवंगत जनरल बिपिन रावत द्वारा की गई पहलों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए उनकी ओर उत्सुकता से देखता है। दुनिया में मौजूदा पांच मॉडलों के अध्ययन से हमें भारत के भौगोलिक स्थिति लाभ के साथ-साथ उपलब्ध संसाधनों के साथ-साथ आर्थिक और सुरक्षा हितों का लाभ उठाने की पृष्ठभूमि में वास्तव में लागू और प्रासंगिक संरचना की पहचान करने में मदद मिलेगी। यह बजटीय बाधाओं और अन्य संबद्ध सीमाओं को ध्यान में रखते हुए एक व्यावहारिक समय रेखा तैयार करने में भी मदद करेगा।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब पहली सीडीएस की नियुक्ति हुई थी, तब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यह पद 130 करोड़ भारतीयों की आशाओं और आकांक्षाओं को दशार्ता है। उन्होंने आगे कहा कि सीडीएस ने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण की जिम्मेदारी निभाई और सैन्य मामलों के नव-निर्मित विभाग भारतीय सशस्त्र बलों को आधुनिक युद्ध की लगातार बदलती चुनौतियों का सामना करने में मदद करेंगे।

इस प्रकार, भारतीय प्रधान मंत्री की दृष्टि को जमीन पर वास्तविकता में प्रकट करने के लिए, हमें सावधानीपूर्वक सुनियोजित दृढ़ कदम आगे बढ़ाने और राष्ट्र को यह देखने की जरूरत है कि हमारे प्रधान मंत्री ने सीडीएस के पद के निर्माण के बाद क्या कल्पना की थी।

इसलिए, शुरूआत में, नए सीडीएस के विशाल अनुभव और व्यक्तित्व के दूरदर्शी झुकाव को देखते हुए, उन्हें न केवल संसाधनों को समामेलित करने या बढ़ाने की दृष्टि से लॉजिस्टिक एकीकरण और संचार अनुकूलता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देने की परिकल्पना करनी चाहिए। यह सोच रक्षा राजकोष को बड़ी राहत प्रदान करते हैं। सीडीएस की प्रशंसित दूरदर्शिता के साथ, गहन समुद्री वर्चस्व और विकास के साथ-साथ अंतरिक्ष और साइबर क्षमताओं के क्षेत्र में प्रगति को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित किए जाने की संभावना है।

## अलवर जिला भार्गव समाज द्वारा कल दिनांक 5 अक्टूबर 2022 को शाम 6:30 बजे बाबा ठाकुर दास स्वीट ,जैन मंदिर के बाहर पर भगवान श्री राम की दिव्य दशहरा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया

**मरुधर विशेष रुपेश शर्मा**



अखिल भारतीय भार्गव सभा के उप-प्रधान श्री दिनेश भार्गव व समाज की तरफ से इस अवसर पर शोभा यात्रा में सम्मिलित सभी भक्तजनों को बंटा जलजीरा कोल्ड ड्रिंक एवं फलो का प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर अलवर जिला भार्गव समाज के अध्यक्ष श्री विनोद भार्गव, सचिव श्री च्यवन भार्गव, अंजु रीमा भार्गव दिनेश भार्गव, प्रीति भार्गव, सौरभ भार्गव मुरलीबाबू भार्गव, आशा भार्गव, एस० एल भार्गव, विजयलक्ष्मी भार्गव, अशोक भार्गव, संजीव भार्गव, पुनीत भार्गव, सरोज भार्गव,हितांश भार्गव,सार्थक भार्गव, राजेंद्र भार्गव, अरुण भार्गव, लव भार्गव, आदि समाज के गणमान्य मौके पर उपस्थित रहे।

## मोती डूंगरी स्थित सैयद बाबा के वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली, चादर चढ़ा कर मांगी अमन चैन की दुआ

**मरुधर विशेष युवराज शर्मा**



अलवर' सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने मोती डूंगरी स्थित सैयद बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र सहित देश व प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना कर अमन चैन की दुआ मांगी' इस अवसर पर प्रधान दौलत जाटव, शादी खान, सरपंच अनसब,उमरदीन खान, साजिद खान,अब्दुल खान, अमर चंद बेरवा, सेकुल, युसूफ खान, धर्मराज मीणा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे'

## `तिजारा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा प्रखंड में विश्व हिन्दू परिषद के बजरंग दल के द्वारा वैदिक आश्रम में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया जिसमें विहिप के जिला मंत्री यशपाल आचार्य जी जिला कार्यकारिणी सदस्य राजविर जी बजरंग दल के जिला स संयोजक जय सिंह जी संघ के तिजारा खंड के धर्म जागरण प्रमुख महर्षि जी प्रखंड मंत्री अंकित शर्मा बजरंग दल प्रखंड संयोजक चंद्रपाल जी प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र जी तिजारा प्रखंड शहर अध्यक्ष भारत भूषण जी भिंडुसी खंड संयोजक बजरंग दल अमित धर्म प्रसार प्रमुख नीरज जी व विजेंद्र जी राजू अमित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे जिला मंत्री ने बताया की संगठन के प्रसार व संगठन को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को हिंदू समाज के लोगों से मिलना मिलन चलाना बल कासना केंद्र चलाना साप्ताहिक सत्संग चलाना और फैली हुई छोटी-छोटी कुर्तियां को खत्म करना संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी कर्तव्य है प्रत्येक कार्यकर्ता को धर्म की रक्षा के लिए खड़ा होना अति आवश्यक है हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा जय श्री राम

## जनपद अमेठी जायस में दो वर्षों बाद

**मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



बारिश के बीच, मां दुर्गा मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा में भक्तों ने रायबरेली सुल्तानपुर राज्यमार्ग किया जाम, डीजे बजाने की मांग पर अड़े। मौके पर पुलिस अधीक्षक समेत क्षेत्रा अधिकारी, एसडीए ऋ्रम तिलोई भारी पुलिस बल के साथ रही मौजूद। आखिर अमेठी प्रशासन ने दी डीजे बजाने की अनुमति, तब जा कर भक्तों की भारी भीड़ मां दुर्गा मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा को आगे बढ़ाया।
अमेठी प्रशासन पूरी तरह से दिखा मुस्तैद। मां दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा में मां दुर्गा के भक्तों का उमड़ा जनसैलाब, शांति पूर्वक हुआ संपन्न।

## अरावली कॉलेज में सतीश भाटी को किसान मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य बनने पर किया स्वागत सम्मान

**मरुधर विशेष / दिनेश लेखी**



कठूमर। भाजपा किसान मोर्चा दक्षिण अलवर के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह सिसोदिया ने अपनी कार्यकारिणी का गठन कर कठूमर विधानसभा क्षेत्र से सतीश भाटी गुर्जर को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त करने पर क्षेत्रवासियों ने साफा माला पहनाकर स्वागत किया।वही गुरूवार को कस्बा में अरावली काँलेज आँफ ग्रुप के संचालक केदार सिंह चौधरी, रणवीर सिंह चौधरी ने भाजपा किसान मोर्चा के मनोनीत जिला कार्यकारिणी सदस्य सतीश भाटी का सभी के साथ मिलकर साफा बंधन कर स्वागत सम्मान किया।इस मौके पर एडवोकेट ओमवीर बींजला, जोगिंदर चौधरी मसारी मौजूद रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह से महेश चन्द मौर्य ने मुलाकात कर लिया आशीर्वाद

**मरुधर विशेष / दिनेश लेखी**




कठूमर। अलवर स्थित फूल बाग पैलेस में महेश चन्द मौर्य अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,पर्यटन प्रकोष्ठ, खेड़ली ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह से मुलाकात कर कठूमर क्षेत्र की समस्याओं को बताया। महेश चन्द मौर्य ने बताया कि अलवर स्थित फूल बाग पैलेस पर 04 अक्टूबर मंगलवार को भँवर जितेन्द्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिब अक्ऊउ कोंग्रेस दिल्ली से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव कठूमर से लड़ने के लिए आशीर्वाद लिया।

# देवरिया पुलिस की मनमानी से हुई थी दो मासूमो की मौत रात में फिर कोतवाली पुलिस के सहयोग से फिर शहर के अंदर घुसा ट्रक लोगो ने किया हंगामा




देवरिया जब रक्षक ही भक्षक बन जायेंगे तो पूरी व्यवस्था ही शर्मशार हो जायेगी। आपको बताते चले की जनपद देवरिया जनपद के कोतवाली चौराहा पर हजारो की संख्या में नवमी के दिन दशहरा का मेला देखने आए श्रद्धालुओं के बीच एक ट्रक अचानक घुस गया जिसमे दो लोगों की मौत और दर्जनों लोग हताहत हो जाते है, बात यही समाप्त नही होती अगले दिन यानी विजय दशमी के दिन पुनः एक उससे भी बड़ा एक ट्रक श्रद्धालुओं के बीच रात मे उसी जगह पुनः घुस आता है। लोगो की जागरूकता से कोई घटना नही होती है लोग ट्रक को रोकते है पुलिस नो एंट्री में श्रद्धालुओं को हटाने का काम करती है
अब सवाल ये उठाता है कि मेले के दिन ट्रक उसी घटना स्थल तक पहुंचा जाता है जहां दो मासूमो की ट्रक से दबाकर मौत हुई थी अब सवाल यह उठता है आखिर क्षेत्राधिकारी और यातायात को नियंत्रित करने वाले क्या कर रहे थे, जिनके कंधे पर मेले की जिम्मेदारी थी ।
ये किसी से छुपा नही है की देवरिया पुलिस किस तरीके से कार्य करती है चंद रुपये के लालच में आकर सड़को पर दिन रात वाहनो का जमावडा लगा लगा देते है इस रोड पर एक राजकीय इटर कॉलेज भी जहाँ लगभग तीन हजार छात्र छात्राएं पढ़ते है, उसके बावजूद भी इस इटर कॉलेज की चाहर्दिवारी के चारो तरफ ट्रक लगे रहते है वही प्रशासन के सहयोग से अवैध दुकानदार भी अपना कब्जा कर लिए है जिससे आये दिन शहर में लोग जाम की मार झेलते है। अनहोनी की आशंका हर समय बनी रहती है देवरिया जनपद के शहर मे मूर्तियों को स्थापित करने की कोई गाइड लाइन नही है, जिसको जहा इच्छा हुई मूर्ति पंडाल लगा दिया और सड़क बाधित कर दिया। तथाकथित समाज सेवी मूकदर्शक बने हुए है अवैध अतिक्रमण का कोई विरोध करता है तो धर्म की बात कर दी जाती है। सवाल ये उठता है कि इस परिस्थितियों में आम जनता को दो चार होना पड़ता है, किसी की एंबुलेंस फसी है रास्ते मे किसी की ट्रेन छुट रही है जाम मे कोई हताहत हो रहा है, इसका जिम्मेदार कौन है, निश्चित रूप से जिम्मेदार वही है जिसके उपर इसको सही करने का भार है, वही है पुलिस प्रशासन, देवरिया पुलिस की कार्य शैली इतनी धूमिल है ।

# बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के बारे में विस्तार से समझाया

**मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी**




कठूमर। ब्लॉक कठूमर की ग्राम पंचायत बेरका में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरका में महिला अधिकारिता विभाग की ग्राम पंचायत साथिन रूचि रानी ने किशोरी बालिकाओं को आत्मनिर्भर,सशक्त बने और जीवन में आने वाली बाधाओं का मुकाबला कैसे करने के गुण बताये।

साथिन रुचि रानी ने बताया कि जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए मजबूत बनो एक खेल के माध्यम से उनके आगे बढ़ने की या परिस्थितियों का सामना किस तरह से आप कर सकते हैं। हमें हमेशा आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए हमारे जीवन में रुकावटें या उलझाने आए हमें किस तरह से उनका सामना करना चाहिए ।साथ ही 11 से 14 वर्ष की बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में बताया कि आई एम शक्ति उड़ान योजना माध्यम से महिलाओ और बालिकाओं निशुल्क सेनेटरी नैपकिन मिल रहे हैं। ताकि महिलाएं और बालिकाएं अपनी माहवारी संबंधित समस्याओं पर झिझके बिना बात कर सके और निशुल्क नैपकिन प्राप्त कर सकें इनका उपयोग करना हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। वही गरिमा सुरक्षा एवं महामारी से संबंधित जागरूकता लाने के लिए विशेष अभियान चलाये जा रहे है। महावारी का होना एक कुदरती प्रक्रिया है। यह लड़की का स्वास्थ्य विकास सुनिश्चित करती है। कि लड़की स्वस्थ है। महावारी हर लड़की के जीवन का एक अभिन्न अंग है। यह बात की निशानी है। कि लड़की का शरीर सही तरीके से विकास कर रहा है। आम दिनों की तरह ही बिना चिंता के लड़कियां हर काम कर सकते हैं। महावारी के दौरान बहने वाले खून की मात्रा काफी कम होती है। और इससे शरीर कमजोर नहीं पड़ता है। महावारी ना ही कोई बीमारी है। और ना ही यह अपने मित्र है। अतः इसे लेकर छुआछूत की भ्रांतियां गलत व निराधार है। माहवारी के दौरान लड़कियां हर वह चीज छू सकती हैं। जो वे आम दिनों में छूती हैं। किशोरी को विशेष रूप से अपने खान-पान पर ध्यान देने की आवश्यकता होनी चाहिए क्योंकि किशोरावस्था के दौरान उनके शरीर का विकास तेजी से हो रहा होता है। इसके अलावा महावारी के दौरान रक्त स्राव होता है।जिसे आयरन जैसे तत्व शरीर से बाहर निकल जाते हैं। खानपान की गलत आदतों का भेदभाव की वजह से कोई किशोरियों कमजोर व चक्कर आने की समस्या थी, तक किसी खून की कमी एनीमिया के कारण होती है। खून में आयरन के स्तर को बनाए रखने के लिए खाने-पीने मै पोस्टिक पदार्थों का विशेषकर हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल का सेवन करें। संतुलित आहार और शरीर को आराम देने से, माहवारी के दौरान शरीर में ऊर्जा बनी रहती है और लड़कियां हर काम पहले जैसे कर सकती हैं। इस्तेमाल किए गए नैपकिन को सही तरीके से फेंके क्योंकि यह संक्रमण उत्पन्न कर सकते हैं। बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के बारे में विस्तार से समझाया।

# सेवा सप्ताह के 5 वें दिन ओसवाल स्कूल में हुई तीन ग्रुप में पीस पोस्टर प्रतियोगिता

**मरुधर विशेष युवराज शर्मा**




लायंस सेवा सप्ताह के 5 वें दिन ओसवाल स्कूल में अध्यक्ष अशोक पालावत जी, डायरेक्टर विनोद शर्मा जी एवं प्रिंसिपल मोना दुबे के सानिध्य में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में ओसवाल स्कूल के तीन वर्गों में 1 से 5 वी कक्षा, 6 से 8 वी कक्षा, 9 से 12 वी कक्षा के छात्र झ छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तीनो वर्गों में मिलकर तकरीबन 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया !
कार्यक्रम के प्रारंभ में ओसवाल स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती मोना दुबे ने चारो लायंस क्लब के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही विश्व शांति के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चो को प्रदान करी ! लायंस क्लब अलवर मत्स्य के अध्यक्ष लायन सी पी गुप्ता एवं लायन सत्यनारायण गुप्ता ने स्कूल के अध्यक्ष एवं प्रिंसिपल तथा सहयोगी अध्यापिकाओ को पुष्पगुच्छ देकर धन्यवाद प्रदान किया !सीनियर लायन मेम्बर टखऋलायन डॉ एस सी मित्तल के अनुसार ठंडा दिमाग, म्रदुभाषी एवं दिल में प्यार ये तीनो स्त्रोतों से शांति आसानी से प्राप्त हो सकती है और विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ावा मिल सकता है ! लायंस क्लब अलवर मत्स्य के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम मुख्य संयोजक लायन गिरीश गुप्ता ने सभी को लायंस क्लब इंटरनेशनल एवं सेवा सप्ताह के बारे में विस्तृत रूप से बताया वही पीस पोस्टर प्रतियोगिता करने के पीछे उद्देश्य से भी सभी को अवगत करवाया ! सभी ग्रुप में प्रथम, दुसरे, तीसरे तथा 2 सांत्वना पुरूस्कार में विजेताओ को मैडल देकर सम्मानित किया गया ! प्रथम ग्रुप 1 से 5 वी कक्षा में प्रथम स्थान पर झ लावण्या , दुसरे स्थान पर झ प्रग्यांशु नरुका , तीसरे स्थान पर रूही तिवारी , सांत्वना पुरूस्कार पूर्वी खण्डेलवाल, कनिष्क बंसल ने प्राप्त किया !दुसरे ग्रुप 6 से 8 वी कक्षा में प्रथम स्थान पर झ सुहाना खातून , दुसरे स्थान पर झ उमेश वर्मा , तीसरे स्थान पर दिव्या तनेजा , सांत्वना पुरूस्कार वंशिका नरुका, दिव्यांशी मदान ने प्राप्त किया !तीसरे ग्रुप 9 से 12 वी कक्षा में प्रथम स्थान पर झरोहन शर्मा , दुसरे स्थान पर झ अभिलाषा राजपूत , तीसरे स्थान पर शिवानी ज्योतिष , सांत्वना पुरूस्कार स्नेहा सोनी, सिमरन कुमावत ने प्राप्त किया !

कार्यक्रम में ओसवाल स्कूल से अध्यक्ष अशोक पालावत जी, निदेशक विनोद शर्मा जी, प्रिंसिपल मोना दुबे जी, ओपीएस रेखा मिश्रा जी, अध्यापिकाओ में वन्दना त्यागी, वन्दना दुबे, भारती शर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, आँचल प्रधान, नेहा खण्डेलवाल, अनीता विजय, अंजू शर्मा ने महत्वपूर्णभूमिका निभाते हुए सहयोग दिया ! अलवर के चारो लायंस क्लब्स से लायंस क्लब अलवर मत्स्य के अध्यक्ष लायन चन्द्रप्रकाश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष लायन गिरीश गुप्ता , लायन सत्यनारायण गुप्ता, लायंस क्लब अलवर सिटी से सेक्रेटरी लायन घनश्याम गुप्ता , लायन उमाशंकर गुप्ता, लायंस क्लब अलवर से सचिव लायन रविन्द्र गर्ग , लायन अमित खंडेलवाल ने भाग लिया ! सेवा सप्ताह में कल 07 अक्टूबर 22 को बच्चो में कैंसर जागरूकता पर डॉ. दीपेश गुप्ता, अन्धत्व जागरूकता पर पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश जैन स्पीकर के रूप में न्यू हरीश हॉस्पिटल, टेल्को चौराहा अलवर में अपना उद्बोधन देंगे

# आजादी के 75 वर्ष बाद भी नहीं बनी सड़क

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - जहां एक और केन्द्र और राज्य सरकार गांव-गांव और ढाणी-ढाणी को शहरों की सड़कों से जोडने में लगी हुई है वहीं बानसूर कस्बे के वार्ड नं 3 के मुख्य रास्ते में बारिश के दिनों में ही नहीं अपितु आम दिनों में भी पानी भरा होने के कारण वार्डवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पानी भरा हुआ होने से स्कूल जाने वाले बच्चों को पानी से होकर ही गुजरना पड़ता है। और यह हालात तो जब है जब वार्ड 3 की दूरी मुख्यालय से मात्र 1 किलोमीटर ही है। बाईपास रोड से वार्ड नं 3 बुराला की ढाणी तक का रास्ता कच्चा होने से रास्ते में जगह जगह पानी भर जाता है। समस्या को लेकर वार्डवासियों द्वारा सम्बधित अधिकारियों को कई बार अवगत करवाने के बाद भी समस्या का हल नही निकला है। वार्डवासी अमित यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड में 100 से भी ज्यादा मकान है जिनकी आबादी लगभग 500 है। इन सभी लोगों के आने जाने का एक ही रास्ता है। यह रास्ता पहले ग्राम पंचायत बानसूर में आता था मगर जब से बानसूर नगरपालिका बनी है तब से यह वार्ड 3 हो गया है। इस रास्ते का हाल पहले भी यही था और अभी भी यही है। अब इसे पंचायत समय के पंच- सरपंच की नाकामी कहो या वर्तमान वार्ड मैम्बर की, यह रास्ता बनने में ही नहीं आ रहा। उन्होनें बताया की जब से यह गांव बसा है तब से लेकर आज तक एक बार भी गावं में सड़क नहीं बनी। जिसके चलते स्कूल के बच्चों और वार्डवासियों को गन्दे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार तो स्कूल जाते समय छोटे -छोटे बच्चे पानी में गिर जाते है । जिससे उनके कपड़े खराब हो जाते है। रास्ते को सही करवाने के लिए कई बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की गई।लेकिन अधिकारीयों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

## वन्य प्राणी सप्ताह के तहत विधार्थियों को वन विभाग टीम द्वारा करवाया गया भ्रमण

**मरुधर विशेष / नरेन्द्र शास्त्री**




उदयपुर क्षेत्र के सायरा ब्लॉक के मग्घा विधालय के छात्रों को वन विभाग टीम कुम्भलगढ़ द्वारा वन प्राणी सप्ताह के तहत ट्रेकिंग कराते हुए वन क्षेत्र मे भ्रमण करवाया गया इसी के साथ विधार्थियों को वन प्राणी व वन औषधि के बारे मे जानकारी दी गई , इस अवसर पर नरेन्द्र शास्त्री ने बताया की वन हमे विभिन बहुमल्य औषधि देता है , इस अवसर पर विधालय शिक्षक नरेन्द्र शास्त्री , भंवरलाल घोघरा, गहरी लाल मेघवाल, अन्नाराम हिंगड, राजवीर लोहान, अध्यापिका सुनील कुमारी, छात्र युवराज गुर्जर तथा रेंजर साहब जयंती लाल जी , नारायण सिंह सहायक वनपाल, वीरेन्द्र सिंह , ओमप्रकाश शर्मा , बलकार सिंह सीमा गृह रक्षा , मदन सिंह , जीवन सिंह गृह रक्षा दल इत्यादि मौजूद रहे

## नवरात्रि के एकादशी के दिन नवरात्रि विसर्जन में उमड़ा जनसैलाब

**मरूधर विशेष/रिपोर्ट चेतन व्यास**

भिंडर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़गांव के राजस्व गांव नारायणपुरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया नारायणपुरा गांव में नवरात्र के 9 दिन गरबा नृत्य का आयोजन किया गया जहां अलग-अलग मोहल्लों को सुसज्जित कर गरबा पंडाल में गरबा नृत्य किया गया एवं पिछले वर्ष मां चामुंडा के दरबार में भी भव्य पशु मेला का शुभारंभ मां चामुंडा ने किया था एवं इस वर्ष भी मेले का आयोजन हुआ जिसमें झूले एवं रंगी बिरंगी लाइटों से गांव के मुख्य मार्ग से मंदिर तक सुसज्जित कर सजाया गया एवं रात्रि जागरण के दौरान विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया एवं नवरात्रि के 9 दिन नवरात्रि विसर्जन का आयोजन किया गया इस दौरान गांव के सभी गरबा पंडालों से गरीबों के साथ देवी देवताओं ने भी विसर्जन में पधार कर विसर्जन की शोभा बढ़ाई एवं यह परंपरा पिछले कई वर्षों से गांव में भली-भांति सुचारू रूप से मनाई जा रही है एवं गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए गांव के बाहर कुए पर जवारा विसर्जन किया जाता है एवं दशहरे के बाद मां चामुंडा मां मंदिर में एकादशी के दिन नेजा फिराने की परंपरा पिछले कई सदियों से चली आ रही है जो आज भी पूर्ण रूप से मनाई गई एवं इस वर्ष भी एकादशी के दिन मां चामुंडा सरवर जाते समय नेजा फहराया गया जिसको देखने के लिए क्षेत्र के आसपास के गांवों से सेंकड़ों भक्तों का तांता लगा यह करीब सुबह 10 बजे हवन के पाश्चात्य माँ चामुण्डा सरवर गई जो करीब शाम 7 बजे तक चला



## हर्षोल्लास से मनाया विजय दशमी पर्व एवं महाराव शेखा जन्मोत्सव

**मरूधर विशेष/रिपोर्ट नितेश शर्मा**




जयपुर स्थित बजरंग द्वार , कालवाड़ रोड स्थित सांगा मैरिज गार्डन में भा ज पा गोकुलपुरा मंडल द्वारा विजय दशमी पर्व पर शस्त्र शास्त्र पूजन किया गया और महाराव शेखा जन्मोत्सव बड़े उत्साह तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । समारोह आयोजक सत्येन्द्र सिंह शेखावत सतनाली गोकुलपुरा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि समारोह में राजेन्द्र सिंह शेखावत खाचरियावास प्रदेश संयोजक भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ श्रवण सिंह बगडी प्रदेश मंत्री भाजपा , प्रताप भानु सिंह शेखावत संयोजक हिन्दू जागरण मंच , आशुसिंह सूरपुरा समाजसेवी , गणपत सिंह राठौड़ अध्यक्ष श्री राजपूत सभा भवन जयपुर, जितेन्द्र सिंह आरएएस कुकनवाली , रूपेन्द्र सिंह करीरी ,चैयरमेन गजेन्द्र सिंह चिराना , गजेन्द्र सिंह खोजास , दीपा नाथावत प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा उपस्थित रहे ।समारोह आयोजक सत्येन्द्र सिंह सतनाली और मंडल भाजपा टीम तथा रवि शेखावत ने वहां उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया ।

## नहर का पानी लाने के जागरूकता अभियान की पदयात्रा पहुंची शीलगांव

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**



मुण्डावर।उपखण्ड क्षेत्र में नहर का पानी लाने के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत निकाली जा रही पदयात्रा आज शीलगांव पहुंची। पदयात्रा हाड़ाहेड़ी से चलकर बासनी,बासनी से अलीपुर सांचोद होते हुए शीलगांव पहुंची। शीलगांव पहुंचने पर पदयात्रा का सरपंच देवेन्द्र कुमार ने ध्वज को सलामी देकर यात्रियों को माला एवं साफा पहनकर स्वागत किया।पदयात्रा में पूर्व प्रधान रोहिताश्व चौधरी,कांग्रेस जिला महासचिव अखिलेश कौशिक,अपर लोक अभियोजक रामवतार चौधरी,समाजसेवी सुरेश यादव बल्लूवास,राजू खटीक,अनिल बजाज,जिला महासचिव विनोद मिश्रा,रामप्रसाद,विजय मालावत, रमेश चन्द,शमशेर मेघवाल,राजेंद्र चौपड़ा आदि मौजूद रहे।विदित रहे 2अक्टूबर गांधी जयंती पर 11 लोगों से शुरू हुई पदयात्रा के कारवां में अब 45 लोग जुड़ चुके हैं।

## सना और अभिनव को मिला आमिल प्रतिभा पुरस्कार

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज में शारदीय नवरात्र के समापन मौके पर मेधावियों को आमिल प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही सामूहिक हवन व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अनेक जिलों से आए साधकों तथा श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शारदीय नवरात्र के समापन अवसर पर पीठ परिसर में विराजमान भगवती तारा, मां पीतांबरा, स्वामीजी महाराज, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, ललिता त्रिपुरसुंदरी तथा पीठ के संस्थापक गुरुदेव पंडित श्रीरामकृष्ण पांडेय आमिल के विग्रहों की तंत्र परंपरा के अनुरूप विशिष्ट पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने पीठ के आचार्य पंडित गिरिजा मिश्र के मार्गदर्शन में बगलामुखी चालीसा और दुर्गासप्तशती का पाठ संपन्न होने के बाद सामूहिक हवन व आरती में सहभागिता की। गुरुदेव आमिल की कर्मस्थली रहे आरडी इंटर कालेज सुचित्तागंज में कक्षा 12 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली रौनाही की छात्रा सना तथा कक्षा 10 में सर्वोच्च अंक पाने वाले लखौरी के छात्र अभिनव को हिंदी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर सुधाकर अदीब, दैनिक जागरण के ब्यूरो प्रमुख रमाशरण अवस्थी, श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ न्यास अध्यक्ष पंडित देवमित्र पांडेय तथा पीठ के मुख्य अर्चक सुधीर कुमार पांडेय ने आमिल प्रतिभा पुरस्कार व नकद धनराशि प्रदानकर सम्मानित किया। इसके उपरांत आयोजित भंडारे में प्रदेश के कई जिलों से आए साधकों व अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसमें इलाहाबाद के संजय श्रीवास्तव, सीतापुर के बबलू सिंह, लखनऊ से शोभा अदीब, संजय मालवीय मुंबई के जयप्रकाश सिंह, कृष्णकुमार पांडेय खुन्नू, रोहित पांडेय मुन्ना, आशीष सिंह, श्रवण जायसवाल, नागेंद्र, सुनीता सिंह, अमित यादव, अनुराग पांडेय बिठूल, मोनू मिश्र, सोनू मिश्र, रमेश विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, परमेश विश्वकर्मा, बाल गोविंद वर्मा पिंटू तथा राजू पांडेय समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जैन संस्कार महिला मंच ने सामायिक करके मनाया 23वां स्थापना दिवस

भीलवाड़ा। संथारा साधक प्रज्ञा महर्षि गुरुदेव श्री रमेश मुनि जी महाराज के सुशिष्य संस्कार सूर्य मंच प्रणिता युवा केसरी उप प्रवर्तक गुरुदेव श्री सिद्धार्थ मुनि महाराज द्वारा स्थापित श्री अखिल भारतीय जैन संस्कार मंच का 23 वा स्थापना दिवस गुरूवार को सुवाणा स्थित जैन उपासरे में सदस्याओं ने जाप एवं सामाईक करके मनाया। मंच की अध्यक्षा शालू चपलोत ने बताया की मंच कि इस दौरान प्रांतीय अध्यक्षा सपना तातेड, प्रांतीय मंत्री ज्योति टुकलिया,कोषाध्यक्ष प्रियंका चोधरी,सरोज चपलोत,विजयलक्ष्मी हिंगड़,शीला सुराणा,लक्ष्मी हिंगड़,सुमन हिंगड़, चीनू चपलोत,सुमिता हिंगड़,खुशबू चपलोत,पुष्पा चपलोत,सीमा हिंगड़,आशा चपलोत,मंजू चपलोत,पारस हिंगड़ इत्यादि सदस्याए उपस्थित थी।

## विकास कार्यों से राजस्थान रच रहा है इतिहास- मुख्यमंत्री

भीलवाड़ा ।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कोरोनाकाल में सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन के लिए ह्यभीलवाड़ा मॉडलह्य की पूरी दुनिया में सराहना हुई। भीलवाड़ा सहित प्रदेश में राज्य सरकार के साथ सामाजिक संस्थाओं, धर्मगुरूओं और आमजन ने मिलकर मजबूती के साथ कोरोना से लड़ाई लड़ी है। गहलोत ने कहा कि भीलवाड़ा के विकास कार्यों में बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। गहलोत ने गुरूवार को भीलवाड़ा के रायपुर में पूर्व विधायक स्व. कैलाश त्रिवेदी की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन का शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी। मुख्यमंत्री ने समारोह में 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) का शिलान्यास किया। उन्होंने इस संबंध में कहा कि राज्य सरकार किसानों और ग्रामीणों को सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। इस जीएसएस से किसानों को बड़ा फायदा मिलेगा और छीजत कम होगी। इसकी स्थापना में लगभग 45 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इससे रायपुर, गंगापुर, करेड़ा, देवगढ़, जोजावर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिरंजीवी परिवार की 1.33 करोड़ महिला मुखियाओं को शीघ्र ही 3 साल तक इंटरनेट सेवायुक्त निःशुल्क स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक 1 लाख से अधिक युवाओं को राजकीय सेवाओं में नियुक्ति दी गई है। करीब 1.29 लाख रोजगार प्रक्रियाधीन है। नए बजट में एक लाख युवाओं को और रोजगार देने की घोषणा की है। आगामी बजट में भी युवाओं को समर्पित बजट प्रस्तुत कर कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। समारोह में ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी,राजस्थान बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर,पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा, विवेक धाकड़,संभागीय आयुक्त बी.एल. मेहरा,पुलिस महानिरीक्षक रूपिंदर सिंह,जिला कलेक्टर आशीष मोदी,जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, स्व. कैलाश त्रिवेदी का परिवार और आमजन उपस्थित थें।

## चिरंजीवी ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीतें नकद पुरस्कार

दौसा (शिव चरण भण्डाना) / मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेकर नगद इनामी राशि जीती जा सकती है। इस बारे में सीएमएचओ डॉ. सुभाष बिलोनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तर से इन प्रतियोगिताओं को 2 अक्टूबर से शुरू किया गया है, जिनमें प्रविष्टियों की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर सुबह 10 बजे तक है। डिजिटिल ऑनलाइन प्रतियोगिता में किसी भी आयु का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। राज्य स्तर से डिजिटिल सोशल मीडिया व वीडियो संदेश प्रतियोगिता में योजना का कोई भी लाभार्थी चिरंजीवी योजना की जानकारी, उसके फायदे और उसके रजिस्ट्रेशन के तरीके से जुड़े संदेश वाला और चिरंजीवी से जुड़े अनुभव वाला 30 सेकंड से 2 मिनट तक वीडियों बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर सकता है। सर्वाधिक देखे गए एवं लाइक किए गए वीडियो और रिट्वीट किए वीडियो पर 11 हजार की अलग-अलग निर्धारित नगद इनामी राशि जीतने का दावेदार बन सकता है। साथ ही जीतने वाले को राज्य स्तर से जारी सम्मान पत्र भी दिया जाएगा। इसी तरह चिरंजीवी ऑनलाइन पेंटिग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इनकी ऑनलाइन प्रविष्टि जमा कराने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर सुबह 10 बजे तक है। इसमें चिरंजीवी योजना पर पेंटिंग बनाने या नारा लिखने पर नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में बाल श्रेणी 8 वर्ष से 18 वर्ष और सीनियर में 18 से अधिक आयु वाले प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।

## कृषि विपणन मंत्री मुरारी लाल मीणा 8 अक्टूबर को नांगल राजावतान पंचायत समिति क्षेत्र में विभिन्न कार्यो का शिलान्यास व शुभारंभ करेंगे

दौसा (शिव चरण भण्डाना)/ कृषि विपणन मंत्री मुरारी लाल मीणा 8 अक्टूबर को नांगल राजावतान पंचायत समिति क्षेत्र में दौरे पर रहेंगे। मीडिया प्रभारी उमाशंकर बनियाना ने बताया कि कृषि विपणन मंत्री मुरारी लाल मीणा 8 अक्टूबर को प्रातः 800 बजे मटवास ग्राम में सड़क शिलान्यास , प्रातः 9.00 बजे बड़ा गांव में सड़क का शिलान्यास व नवनिर्मित विधालय भवन का उद्घाटन, प्रातः 10.00 बजे टीटोली ग्राम में सड़क शिलान्यास व प्रातः 11.00 बजे राजकीय महाविद्यालय, नांगल राजावतान के भवन का शिलान्यास करेंगे। मीडिया प्रभारी ने जनप्रतिनिधि, सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों, जिला परिषद सदस्यों, पदाधिकारियों, कार्यकताओं तथा आमजन से अपील कि है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रमों में पहुंचकर अपनी उपस्थिति प्रदान करें। कृषि विपणन मंत्री व दौसा विधायक मुरारी लाल मीणा के बाहर जाने के कारण 9 व 10 अक्टूबर 2022 को प्रस्तावित सभी कार्यक्रम निरस्त किए गये हैं।

## अवैध हथियार समेत हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

भरतपुर। लखनपुर पुलिस ने मूलतः हलैना हाल जयपुर में थाना मुहाना निवासी युवक संजीव उर्फ टिचू जाट पुत्र छत्रपाल सिंह (32) को थाना क्षेत्र स्थित एक होटल पर झगड़ा करते अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक थाना हलैना का सक्रिय हिस्ट्रीशीटर है, जिसके पास से एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। एसपी श्याम सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात डेहरा मोड़ चौकी प्रभारी एएसआई रामसहाय को मुखबिर से सूचना मिली कि नेशनल हाईवे स्थित अंजली होटल पर एक युवक झगड़ा कर मारने की धमकी दे रहा है, जिसके पास अवैध हथियार है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देख एक युवक भागने लगा, जिसका पीछा कर टीम ने पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर संजीव उर्फ टिचू बताया। तलाशी में एकपिस्टल और दो जिंदा कारतूस मिले। इस पर आरोपी युवक को आर्म्सएक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। हिस्ट्रीशीटर युवक के विरुद्ध जयपुरमें ज्योति नगर, सांगानेर, ब्रह्मपुरी, कोतवाली, प्रताप नगर वशिवदासपुरा में 9 एवं भरतपुर के सेवर, नदबई हलैना व लखनपुर में 6 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## युवक पर चाकू से हमला कर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

बारां। अटरू थाना क्षेत्र के सहरोद गांव में दशहरा मेले में गए युवक की चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मात्र 16 घंटे के अंदर आरोपी युवक रघु उर्फ तन्मय नागर पुत्र मुरलीधर (19) निवासी नरसिंहपुरा हाल सहरोद को गिरफ्तार कर लिया है। बारां एसपी कल्याण मल




मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के सहरोद गांव निवासी युवक महेश नागर (30) गांव में ही आयोजित दशहरा मेला देखने गया था। जहां पुरानी रंजिश के चलते उसके गांव के ही तन्मय उर्फ रघु नगर एवं प्रिंस उर्फ सिद्धार्थ नागर से पुरानी रंजिश के चलते कहासुनी हो गई। कहासुनी में दोनों युवकों ने महेश नागर को चाकू मार दिया। गंभीर घायल को परिजन तुरंत शहीद राजमल मीणा राजकीय चिकित्सालय लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने महेश को मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई रितेश नागर की रिपोर्ट पर दोनों अभियुक्तों केविरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिनेंद्र जैन एवं सीओ सोजी लाल मीणा के सुपरविजन तथा थाना अधिकारी रामविलास गुर्जर के नेतृत्व में एक टीमगठित की गई। गठित टीम द्वारा नामजद आरोपियों के घर-रिश्तेदारो केयहां दबिश दी गई। आरोपी फरार हो गये थे। तकनीकी सहायता सेगुरुवार को पुलिस ने तलावडा क्षेत्र से एक आरोपी रघु उर्फ तन्मय नागर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# महाविद्यालयों में एससी एसटी एक्ट की कठोरता से पालना के कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के आदेश का रुक्टा डेमोक्रेटिक ने किया स्वागत

**मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 यथासंशोधित अधिनियम 2015 एवं 2016 के प्रावधानों की महाविद्यालयों में कठोरता से पालना के आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा जारी आदेश का स्वागत किया है। संगठन के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने बताया कि यह आदेश 6 अक्तूबर को कॉलेज शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ.शैला महान ने कॉलेज प्राचार्यों को भेजा है।,जिसमें प्राचार्य को आदेशित किया है।कि वह विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों को एट्रोसिटी एक्ट की जानकारी प्रदान करते हुए शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ को संवेदनशील बनाएं महाविद्यालयों में खाने-पीने,साथ पढ़ने,खेलकूद,पेयजल व्यवस्था एवं अन्य कार्यों में किसी प्रकार



आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://htc.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph 0141-2706550

कमांकः-एफ-7 (4) विविध/अकाद/आकाशि/2022/पार्ट/248 दिनांकः- 6/10/2022

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :- अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण ) अधिनियम 1989 यथासंशोधित अधिनियम-2015 एवं 2016 के प्रावधानों की महाविद्यालयों में कठोरता से पालना।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित अधिनियम के सम्बन्ध में माननीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा जारी निम्न निर्देशों की सभी राजकीय महाविद्यालयों में कठोरता से पालना सुनिश्चित की जाये :-

1. विशेष अभियान चलाकर महाविद्यालय विद्यार्थियों को एट्रोसिटी एक्ट की जानकारी प्रदान करते हुये शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टाफ को संवेदनशील बनाया जाये।
2. समस्त राजकीय महाविद्यालय सुनिश्चित करें कि खाने-पीने, साथ पढने, खेलकूद , पेयजल व्यवस्था व अन्य कार्यो में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाये। प्राचार्य स्वयं समय -समय पर निरीक्षण कर उक्त बिन्दुओं की पालना करावें।

साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य अनुसूचित आयोग द्वारा जारी समस्त निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित की जाये।

(डॉ० शैला महान)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
जयपुर

कमांकः-एफ-7 (4) विविध/अकाद/आकाशि/2022/पार्ट/1248 दिनांकः- 6/10/2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-
1- निजी सचिव, शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकरता विभाग, अम्बेडकर भवन, जयपुर।
2- निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3- निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4- वेब प्रभारी आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड कराने हेतु।

(डॉ.शैला महान)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, राज०, जयपुर।

का भेदभाव नहीं किया जावे। प्राचार्य समय-समय पर निरीक्षण कर इन बिंदुओं की पालना करावे। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य अनुसूचित जाति आयोग द्वारा जारी समस्त निदेर्शों की पालना भी सुनिश्चित की जाए। डॉ.बैरवा ने इस आदेश पर खुशी व्यक्त कर बताया है कि कॉलेजो सहित सरकारी कार्यस्थलों में जातिगत भेदभाव पर रोकथाम के लिए कारगर उपाय करने एवं एससी एसटी एक्ट के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करवाने की मांग के लिए रुक्टा डेमोक्रेटिक ने बार-बार मुख्यमंत्री,उच्च शिक्षा मंत्री, अध्यक्ष राज्य अनसूचित जाति आयोग एवंछ उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजे हैं। रुक्टा डेमोक्रेटिक ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर राजस्थान सिविल सेवाएं (आचरण) नियम 1971 में संशोधन कर कॉलेज,विश्वविद्यालय सहित समस्त सरकारी कार्यालयों में जातिगत भेदभाव एवं उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के गठन की पुरजोर मांग की है। प्राचार्यों को आदेशित कर कार्रवाई की गई है। जो स्वागत योग्य है। इससे शिक्षक,कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को जातिगत भेदभाव नहीं करने के लिए जागरूक बनाया जा सकेगा। कॉलेजों में सामाजिक सौहार्द का माहौल कायम रहेगा। यूजीसी ने भी कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में जातिगत भेदभाव पर रोकथाम के लिए कारगर उपाय हेतु निर्देशित किया हुआ है।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, अलवर के अध्यक्ष (जिला कलेक्टर अलवर) द्वारा एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स की ली मीटिंग

**मरुधर विशेष रुपेश शर्मा**

फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग सर्टिफिकेट नहीं मिलने से प्रशिक्षणार्थियों को हो रही परेशानियाँ झ किया निदान झ जिला कलेक्टर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, अलवर के अध्यक्ष जिला कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा आज इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी ,अलवर की एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स की मीटिंग कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी जिसमे इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, अलवर के चेयरमैन डॉ एस सी मित्तल, सचिव डॉ रूपसिंह जी ,कोषाध्यक्ष बाबू झालानी, सहसचिव कुलदीप आर्य एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर ब्रांच के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ,संरक्षक हरीश कालरा, संरक्षक डॉ प्रदीप कथूरिया, यूथ विंग चेयरमैन शशांक झालानी, महिला विंग चेयरमैन आशा कालरा, मेडिकल कैम्पस चेयरमैन डॉ सुरेन्द्र जैन, मेम्बरशिप ग्रोथ समिति के चेयरमैन डॉ एम एन थरेजा, ब्लड डोनेशन समिति चेयरमैन डॉ. सी.एस.शर्मा, डॉ. नन्दनी शर्मा, कुमुद गुप्ता, पूर्व कोषाध्यक्ष निरंजन लाल वर्मा, डॉ.राम निवास यादव (बहरोड़) तथा भिवाड़ी से नीरज झालानी, दीपक हल्दिया ने भाग लिया !

सचिव डॉ.रूप सिंह ने अलवर ब्रांच की उपलब्धियों में सदस्यता वृद्धि 766



% , 700 हाइजीनिक किट वितरण, 2078 स्वेच्छिक रक्तदान , निःशुल्क जाग्रति कैंप, मेडिकल कैम्पस, मोतियाबिंद के निःशुल्क 3 ऑपरेशन कैंप जिसमे 17 लोगो की मोतियाबिंद का पूर्णतः निशुल्क ऑपरेशन किया गया इत्यादि उपलब्धियों से अवगत करवाया जिससे अध्यक्ष (जिला कलेक्टर) बड़े प्रभावित हुए साथ ही सभी को बधाई देते हुए कहा कि अलवर शाखा बेहतरीन कार्य कर रही है अतः अलवर शाखा की सभी समस्याओ का राज्य एवं केन्द्रीय स्तर पर बात करके शीघ्र समाधान निकाला जाएगा ! आर टी ओ तथा जिला शिक्षा लेवल के कार्यो के लिए अधिकारियो को तुरन्त बुलाकर दिशानिर्देश देकर समस्या का तुरन्त समाधान किया सभी एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स ने अलवर अध्यक्ष के त्वरित कार्य प्रणाली की प्रशंसा ताली बजाकर करी ! इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, अलवर के सचिव डॉ रूप सिंह ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी , अलवर के अध्यक्ष (जिला कलेक्टर अलवर) को अलवर ब्रांच द्वारा नई कार्यकारिणी द्वारा 13 दिसम्बर 2021 से अब तक की उपलब्धियों एवं अलवर ब्रांच की समस्यों से अवगत करवाया साथ ही डॉ.रूप सिंह ने बताया कि भिवाड़ी में उपशाखा खोलकर इंडस्ट्रीज में फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग देने की समस्या से निजात मिलेगी क्योकि अलवर से चिकित्सको का भिवाड़ी में जाकर ट्रेनिंग देना संभव नहीं हो पाता है यदि भिवाड़ी में उप शाखा खुल जाती है तो यह समस्या खतम हो जायेगी जिसकी स्वीकृति अध्यक्ष (जिला कलेक्टर अलवर ) महोदय ने दे दी तथा शीघ्र भिवाड़ी आकर कार्यकारिणी को शपथ दिलवाने की बात कही है !

मुख्य समस्या - इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर की ब्रांच सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया द्वारा अब तक कुल 77 बैच चलाकर 1925 सदस्यों को फर्स्ट ऐड की ट्रेनिंग दी जा चुकी है तथा सम्बन्धित आवयश्क कागजात (फीस, फॉर्म, फोटो, एग्जाम.कॉपी इत्यादि ) समय पर जमा भी करवाये जा चुके है परन्तु दिल्ली हेड ऑफिस से अभी तक एक भी सर्टिफिकेट नहीं आने के कारण सदस्यों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है खास तौर पर रोडवेज के ड्राईवर एवं कंडेक्टर की पोस्ट पर कार्यरत या उन पोस्ट के लिए एग्जाम देने वाले कैंडिडेट बड़ी समस्या का सामना कर रहे है !

समाधान - अध्यक्ष (जिला कलेक्टर अलवर ) ने जब तक हेड ऑफिस से सर्टिफिकेट जारी नहीं होते तब तक अलवर अध्यक्ष द्वारा डिजिटल सर्टिफिकेट जारी करवाकर परीक्षार्थियों को बहुत बड़ी राहत दी है !

# मंत्री-विधायकों को दिए उनके पसंद के अफसर

## 201 आरएएस अफसरों के ट्रांसफर

जयपुर. गहलोत सरकार ने प्रदेश में सियासी संकट के बीच बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 201 राजस्थान प्रशासनिक सेवा अफसरों के तबादले कर दिए। दशहरा की रात निकाली गई ट्रांसफर लिस्ट में मंत्री-विधायकों की डिजायर के आधार पर बड़े स्तर पर ट्रांसफर हुए हैं। मंत्री-विधायकों की लंबे समय से चली आ रही डिमांड को पूरा करने की कोशिश की गई है। तहसीलदार सेवा से प्रमोट होकर आरएएस बने 20 अफसरों को भी पोस्टिंग मिली है। सूत्र बताते हैं कि विभागों में मंत्रियों को उनकी पसंद के अफसर दिए गए हैं। कार्मिक विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी देवेंद्र कुमार ने तबादला सूची जारी की है। रेवेन्यू बोर्ड अजमेर के सदस्य लालाराम गुगरवाल को उद्योग मंत्री मंत्री शकुंतला रावत का विशिष्ट सहायक (एस.ए.) बनाया गया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली के पर्सनल सेक्रेटरी के पद पर अनुराग हरित को लगाया गया है। हरित अलवर के मालाखेड़ा के उपखंड अधिकारी थे। एपीओ चल रहे आरएएस राजेंद्र सिंह को भी सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग में एडिशनल डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर लगाया गया है। राजस्थान सिविल सर्विसेज अपीलिएट ट्रिब्यूनल जयपुर के रजिस्ट्रार राजेंद्र कुमार वर्मा को एडिशनल कमिश्नर, नगर निगम हेरिटेज के पद पर पोस्टिंग दी गई है। मूलचन्द को खाली बोर्ड सचिव पद से हटाकर जॉइंट सेक्रेटरी, कृषि और पंचायती राज विभाग के पद पर लगाया गया है। एपीओ चल रहे ब्रजेश कुमार चांदोलिया को खादी बोर्ड जयपुर का सचिव नियुक्त किया गया है। एपीओ नारायण सिंह चारण को जिला परिषद



नागौर का सीईओ लगाया गया है। टोंक एडीएम परशुराम धानका को दौसा का एडीएम बनाया गया है। एपीओ राजेंद्र सिंह कविया को कार्मिक विभाग में जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर पोस्टिंग दी गई है। डॉ विरेन्द्र सिंह को डीआईजी रजिस्ट्रेशन एंड स्टाम्प, जयपुर-1 की पोस्ट से हटाकर आरटीओ,जयपुर-1 पोस्ट पर लगाया गया है। रचना भाटिया को माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के एडिशनल डायरेक्टर पद से हटाकर बीकानेर टेक्निकल यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार बनाया गया है। बाड़मेर नगर विकास न्याय सचिव शैलेष सुराणा को चित्तौड़गढ़ में एडीएम, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद जयपुर के डीजीएम सोमदत्त दीक्षित को उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन विभाग जयपुर के पद पर पोस्टिंग दी गई है। एडीएम बूंदी करतार सिंह को बूंदी जिला परिषद सीईओ, उदयपुर नगर निगम उपायुक्त अनिल कुमार शर्मा को एडिशनल कमिश्नर-2 टीएडी ,उदयपुर के पद पर लगाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रोटोकॉल अधिकारी आलोक जैन को उप निदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग, अजमेर , अजमेर के नसीराबाद के उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता-1 को एडीएम अजमेर , जैसलमेर में उपनिवेशन विभाग के उपायुक्त जब्बर सिंह को एडीएम सीलिंग कोर्ट पाली के पद पर तैनात किया गया है।

जेडीए उपायुक्त सुरेन्द्र सिंह यादव को एडीएम सिटी भीलवाड़ा, जयपुर मुख्यालय कोटपूतली एडीएम जगदीश आर्य को डिप्टी सेक्रेटरी, कला संस्कृति विभाग, जयपुर पद पर पोस्टिंग मिली है। टोंक के पीपलू उपखण्ड अधिकारी रवि वर्मा को जयपुर में रीको का भू-अवाप्ति अधिकारी लगाया गया है। विकास राजपुरोहित को डिप्टी सेक्रेट्री कार्मिक विभाग जयपुर पोस्ट से हटाकर नगर विकास न्यास बाड़मेर का सचिव लगाया गया है। उम्मेद सिंह रत्नू को बाड़मेर एडीएम की जगह श्रीगंगानगर का एडीएम विजिलेंस लगाया है। नोहर हनुमानगढ़ की उपखण्ड अधिकारी श्वेता कोचर को एडीएम जोधपुर सिटी, डॉ गोवधन लाल शर्मा को राजस्थान स्टेट स्पोट्?र्स काउंसिल का सेक्रेटरी और खेल व युवा मामले विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी बनाया गया है। खेमा राम यादव को अल्पसंख्यक आयोग सचिव पद से हटाकर आरएसएलडीसी जयपुर में जनरल मैनेजर नियुक्त किया गया है। जालोर के रानीवाड़ा के उपखण्ड अधिकारी प्रकाशचंद्र अग्रवाल को एडीएम बाड़मेर, अलवर शहर एडीएम प्रकाश साहरण को जिला आबकारी अधिकारी,जयपुर ग्रामीण अलवर के पद पर पोस्टिंग दी गई है। रेवेन्यू बोर्ड अजमेर की डिस्टी रजिस्ट्रार दीप्ति शर्मा को पाली जिला परिषद सीईओ लगाया गया है। एपीओ चल रहे नरेन्द्र सिंह पुरोहित को झालावाड़ जिला परिषद का सीईओ लगाया गया है। जिला रसद अधिकारी जयपुर-2 प्रतिभा पारीक को निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर में डिप्टी सेक्रेटरी और जॉइंट चीफ रिटर्निंग ऑफिसर के पद पर पोस्टिंग मिली है। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग बांसवाड़ा की उपायुक्त कीर्ति राठौड़ को महिला व बाल विकास विभाग उदयपुर में डिप्टी डायरेक्टर लगाया गया है।

बूंदी के अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कोर्ट अमानुल्लाह खान को अजमेर विकास प्राधिकरण में सचिव बनाया गया है। नगर निगम हेरिटेज जयपुर के उपायुक्त मेघराज सिंह मीणा को जेडीए उपायुक्त लगाया गया है। अखिलेश कुमार पीपल को अलवर एडीएम पद से हटाकर भरतपुर नगर निगम कमिश्नर के पद पर पोस्टिंग दी गई है। कोटा डीटीओ बिरदी चंद गंगवाल को अलवर का डीटीओ लगाया गया है। हेमराज परिड़वाल को उपखंड अधिकारी बूंदी पद से हटाकर खेल विभाग जयपुर में डिप्टी सेक्रेटरी लगाया गया है। जिला रसद अधिकारी जयपुर-1 कुंतल विश्नोई को डिस्टी सेक्रेटरी कृषि-ग्रुप-2 विभाग जयपुर के पद पर पोस्टिंग मिली है। राजेंद्र सिंह-2 को सहायक भू-प्रबंध अधिकारी मुख्यालय,जयपुर पद की जगह सैनिक कल्याण बोर्ड जयपुर में डिप्टी डायरेक्टर बनाया गया है। सुरेंद्र सिंह पुरोहित को जोधपुर उपखण्ड अधिकारी पद से हटाकर जोधपुर विकास प्राधिकरण में उपायुक्त लगाया गया है। डॉ भास्कर विश्नोई को पाली के जैतारण में उपखण्ड अधिकारी पद से हटाकर जोधपुर शहर का एडीएम सिटी बनाया गया है।

## आज वैशालीनगर व्यापार मन्डल समिति, हिंदू जागरण मंच- युवा वाहिनी व जयपुर संयुक्त विकास महा समिति के द्वारा शिव कुंज वैशालीनगर में आयोजित कार्यक्रम विजयदशमी (दशहरा) के शुभ अवसर पर शस्त्र व शास्त्र पूजन किया



**मरूधर विशेष/विशेष सवांददाता**

आज वैशालीनगर व्यापार मन्डल समिति, हिंदू जागरण मंच- युवा वाहिनी व जयपुर संयुक्त विकास महा समिति के द्वारा शिव कुंज वैशालीनगर में आयोजित कार्यक्रम विजयदशमी (दशहरा) के शुभ अवसर पर शस्त्र व शास्त्र पूजन किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित सिंह सांचौरा ने बताया कि आज के कार्यक्रम में जयपुर व्यापार मन्डल सरंक्षक श्री रवि नैयर ,समाज सेवी श्री पवन गोयल , युवा वाहिनी से जितेंद्र गौतम व सर्व हिन्दू समाज व मातृशक्ति एवं क्षत्रिय समाज के गणमान्य नागरिकों की केशरिया सॉफों में सहभागिता तथा गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण प्रमुख श्री अशोक जी भाईसाहब का बहुत ओजस्वी पूर्ण उद्धबोधन रहा।आज के दिन दशहरे मनाने की परंपरा व इतिहास के अलावा आज हिन्दू समाज को अपनी संस्कृति को बचाने के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया।इस अवसर पर सबने आपस में एक दुसरे को विजयदशमी की शुभकामना बधाई दी।

## एन.सी.सी . कैम्प में विभिन्न प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**


बानसूर - भारत सरकार एनसीसी महानिदेशालय की ओर से बानसूर



महाविद्यालय में चल रहे 8 दिवसीय कम्बाईड एनुवल ट्रेंनिग कैम्प में भाग ले रहे राज्य के 600 एनसीसी कैडेट्स (छात्र छात्राओं) ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन और रस्साकस्सी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कोटा ग्रुप कैमांडर कर्नल महेन्द्र सिंह व डिप्टी कैम्प कमांडेंट कर्नल अजय दाधीच ने कैम्प के दौरान कैम्प लाइन एरिया का निरीक्षण किया। सभी एनसीसी ग्रुप के कैंडिडेट्स की ओर से सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें कैडेट्स ने भाग लिया। कोटा ग्रुप के ग्रुप कमांडर कर्नल महेंद्र सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को बताया कि बानसूर महाविद्यालय बानसूर में राष्ट्रीय स्तर की व्यवस्था के लिए महाविद्यालय सचिव ,प्राचार्य ,प्रभारी लेफ्टिनेंट सुनील यादव का आभार जताया।

## बेरोजगारी व पारिवारिक समस्याओं के चलते युवक ने खाया विषाक्त

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**



बानसूर उपखंड के निकटवर्ती गांव महनपुर निवासी 25 वर्षीय युवक ने बेरोजगारी व पारिवारिक समस्याओं के चलते बुधवार दोपहर अपने घर पर विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिसे गंभीर अवस्था में कोटपूतली राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाये जाने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देते हुए जयपुर रैफर कर दिया। बीडीएम अस्पताल पुलिस चोकी प्रभारी भवानी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक सीताराम पुत्र छोटुराम गुर्जर निवासी महनपुर थाना बानसूर को बेहोशी हालत में बीडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहाँ से उसे जयपुर रैफर कर दिया गया।

## प्रजापति समाज ने बहरोड़ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बहरोड़- भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन बहरोड़ (अलवर) व समस्त प्रजापति समाज



द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व राजस्व मंत्री को राजस्व विभाग द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में प्रजापति( कुम्हार) के स्थान पर कुमावत लिखने के विरोध में समस्त प्रजापति समाज व इढलड बाहरोड. (अलवर )द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया इस अवसर पर जिला संयोजक भूपेंद्र प्रजापति ,बहरोड़ तहसील अध्यक्ष मोहन लाल प्रजापति ,उपाध्यक्ष मदन लाल प्रजापति ,रमेश मास्टर जी, कैलाश चंद्र मिस्त्री ,लालाराम जी ,लोकेश कुमार प्रजापति ,मोनू कुमार ,गौरव कुमार ,भूतपूर्व सूबेदार ओम प्रकाश प्रजापति ,कैलाश चंद प्रजापति ,रामपत टेलर साहब ,राजेश कुमार आदि गणमान्य लोग व समस्त प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे

## अमेठी मूर्ति विसर्जन में भक्तों ने भक्तिमय गीतों पर खूब धमाल मचाया

**मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



जायस में पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के साथ साथ एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने मूर्ति विसर्जन जुलूस का निरीक्षण किया,इन्हौना में थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह व चौकी प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।